# Nokia 5.1

## उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

संस्करण 2025-09-18 hi-IN

# विषय सूची

**1 इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका के बारे में** **5**

**2 शुरू करें** **6**

कुंजियां और पुर्ज़े . . . 6

SIM और मेमोरी कार्ड डालें या निकालें . . . 7

अपना फ़ोन चार्ज करें . . . 8

फ़ोन चालू करें और उसे सेट अप करें . . . 8

दोहरी SIM सेटिंग . . . 9

फिंगरप्रिंट ID सेट करना . . . 10

अपना फ़ोन लॉक या अनलॉक करें . . . 11

टच स्क्रीन का उपयोग करें . . . 11

**3 बुनियादी तथ्य** **15**

अपना फ़ोन वैयक्तिकृत करें . . . 15

कोई ऐप खोलें और बंद करें . . . 15

नोटिफ़िकेशन . . . 16

वॉल्यूम नियंत्रित करें . . . 17

स्क्रीनशॉट . . . 17

बैटरी लाइफ़ . . . 17

डेटा रोमिंग की लागतें कम करें . . . 18

लेख संदेश लिखें . . . 19

दिनांक और समय . . . 21

घड़ी और अलार्म . . . 21

कैल्क्यूलेटर . . . 23

एक्सेस योग्यता . . . 23

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**4 अपने मित्रों और परिवार के साथ कनेक्ट करें 24**
कॉल . . . . . 24
संपर्क . . . . . 24
संदेश भेजें और प्राप्त करें . . . . . 25
मेल . . . . . 26
सामाजिक बनें . . . . . 27

**5 कैमरा 28**
कैमरे से संबंधित बुनियादी बातें . . . . . 28
वीडियो रिकॉर्ड करें . . . . . 28
अपने कैमरे का पेशेवर की तरह उपयोग करें . . . . . 29
अपने फ़ोटो और वीडियो मेमोरी कार्ड में सहेजें . . . . . 30
आपके फ़ोटो और वीडियो . . . . . 30

**6 इंटरनेट और कनेक्शन 31**
वाई-फ़ाई सक्रिय करें . . . . . 31
मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करें . . . . . 31
वेब ब्राउज़ करें . . . . . 32
कोई कनेक्शन बंद करें . . . . . 34
Bluetooth® . . . . . 34
NFC . . . . . 36
VPN . . . . . 38

**7 संगीत और वीडियो 39**
संगीत . . . . . 39
वीडियो . . . . . 39
FM रेडियो . . . . . 40

**8 अपना दिन व्यवस्थित करें 41**
कैलेंडर . . . . . 41

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**9 मानचित्र** **42**

स्थान ढूंढें और दिशानिर्देश प्राप्त करें . . . . . 42

मानचित्र डाउनलोड और अपडेट करें . . . . . 43

स्थान सेवाओं का उपयोग करें . . . . . 43

**10 ऐप्स और सेवाएं** **45**

Google Play . . . . . 45

**11 सॉफ़्टवेयर अपडेट और बैकअप** **47**

अपना फ़ोन सॉफ़्टवेयर अपडेट करें . . . . . 47

अपने डेटा का बैक अप लें . . . . . 47

मूल सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें और अपने फ़ोन से निजी सामग्री हटाएं . . . . . 47

मेमोरी . . . . . 48

**12 अपना फ़ोन सुरक्षित रखें** **50**

अपने फ़ोन को अपने फिंगरप्रिंट से सुरक्षित करें . . . . . 50

अपने SIM का पिन कोड बदलें . . . . . 50

एक्सेस कोड . . . . . 51

**13 उत्पाद और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी** **53**

कॉपीराइट और नोटिस . . . . . 53

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 1 इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका के बारे में

**महत्वपूर्ण:** अपने डिवाइस और बैटरी के सुरक्षित उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के लिए, डिवाइस को उपयोग में लाने से पहले "उत्पाद और सुरक्षा जानकारी" पढ़ें। अपने नए डिवाइस के साथ आरंभ करने का तरीका जानने के लिए, उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका पढ़ें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित.

# 2 शुरू करें

## कुंजियां और पुर्ज़े

अपने नए फ़ोन की कुंजियां और पुर्ज़ों का जायज़ा लें.

### आपका फ़ोन




उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका निम्न मॉडल पर लागू होती है: TA-1075, TA-1061, TA-1088, TA-1081 और TA-1076.

1. अंगुली की छाप का सेंसर
2. फ़्लैश
3. मुख्य कैमरा
4. हेडसेट कनेक्टर
5. माइक्रोफ़ोन
6. SIM कार्ड
7. मेमोरी कार्ड
8. फ़्रंट कैमरा
9. निकटता सेंसर/परिवेशी रोशनी सेंसर
10. इयरपीस
11. वॉल्यूम कुंजियाँ
12. पावर/लॉक कुंजी
13. USB कनेक्टर
14. माइक्रोफ़ोन
15. लाउडस्पीकर

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका में उल्लिखित कुछ एक्सेसरीज़, जैसे कि चार्जर, हेडसेट या डेटा केबल अलग से बिक्री के लिए उपलब्ध हो सकते हैं.

### पार्ट और कनेक्टर, चुंबकत्व

सिग्नल उत्पन्न करने वाले प्रोडक्ट कनेक्ट न करें, क्योंकि इससे डिवाइस को क्षति पहुंच सकती है. ऑडियो कनेक्टर से कोई भी वोल्टेज वाला स्रोत कनेक्ट न करें. अगर आप ऑडियो कनेक्टर में, इस डिवाइस के साथ इस्तेमाल के लिए स्वीकृत दी गई चीज़ों के अलावा कोई बाह्य डिवाइस या हेडसेट कनेक्ट करते/करती हैं, तो वॉल्यूम के स्तर पर खास ध्यान दें.

डिवाइस के पुर्जे चुंबकीय हैं. धातु वाले मटेरियल इस डिवाइस की ओर आकर्षित हो सकते हैं. क्रेडिट कार्ड या चुंबकीय पट्टी वाले अन्य कार्ड लंबे समय तक उपकरण के नजदीक न रखें, क्योंकि इससे आपके कार्ड खराब हो सकते हैं.

## SIM और मेमोरी कार्ड डालें या निकालें

### SIM और मेमोरी कार्ड डालें




1. SIM कार्ड ट्रे खोलें: ट्रे के छिद्र में ट्रे खोलने वाला पिन घुसाएं और ट्रे को बाहर की ओर खिसकाएं.
2. नैनो-SIM को ट्रे में मौजूद स्लॉट 1 में इस तरह डालें कि उसके संपर्क क्षेत्र का रुख़ नीचे की तरफ़ हो. अगर आपके पास दूसरा SIM है, तो उसे स्लॉट 2 में डालें.
3. मेमोरी कार्ड का ट्रे खोलें: ट्रे के छिद्र में ट्रे खोलने वाला पिन घुसाएं और ट्रे को बाहर की ओर खिसकाएं.
4. मेमोरी कार्ड स्लॉट में मेमोरी कार्ड डालें.
5. दोनों ट्रे को वापस आपने-अपने स्लॉट में खिसका दें.[1]

केवल इस डिवाइस के लिए स्वीकृत और उपयुक्त मेमोरी कार्ड का उपयोग करें. असंगत कार्ड्स के कारण कार्ड और डिवाइस को नुकसान पहुंच सकता है और कार्ड में संग्रहित डेटा दूषित हो सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### SIM और मेमोरी कार्ड निकालें

1. SIM कार्ड ट्रे खोलें: ट्रे के छिद्र में ट्रे खोलने वाला पिन घुसाएं और ट्रे को बाहर की ओर खिसकाएं.
2. SIM कार्ड निकालें.
3. मेमोरी कार्ड का ट्रे खोलें: ट्रे के छिद्र में ट्रे खोलने वाला पिन घुसाएं और ट्रे को बाहर की ओर खिसकाएं.
4. मेमोरी कार्ड निकालें.
5. दोनों ट्रे को वापस आपने-अपने स्लॉट में खिसका दें.

**महत्वपूर्ण**: जब कोई ऐप मेमोरी कार्ड का उपयोग कर रहा हो तो उसे न निकालें। ऐसा करने से मेमोरी कार्ड और डिवाइस को नुकसान हो सकता है तथा कार्ड पर संग्रहीत डेटा भी दूषित हो सकता है।

असली नैनो-SIM कार्ड का उपयोग करें. असंगत SIM कार्ड के उपयोग से कार्ड या डिवाइस को नुकसान हो सकता है और कार्ड पर संग्रहीत डेटा ख़राब हो सकता है.

## अपना फ़ोन चार्ज करें

### बैचरी चार्ज करें




1. दीवार पर लगे पावर आउटलेट में एक संगत चार्जर लगाएं.
2. केबल को अपने फ़ोन से कनेक्ट करें.

आपका फ़ोन USB माइक्रो-B केबल का समर्थन करता है. आप अपने फ़ोन को कंप्यूटर से USB केबल के ज़रिये भी चार्ज कर सकते हैं, लेकिन इसमें अधिक समय लगेगा.

यदि बैटरी पूरी तरह से डिस्चार्ज हो चुकी है, तो चार्जिंग संकेतक के प्रदर्शित होने में कई मिनट लग सकते हैं.

## फ़ोन चालू करें और उसे सेट अप करें

जब आप अपना फ़ोन पहली बार चालू करते हैं, तो फ़ोन आपको अपने नेटवर्क कनेक्शन और फ़ोन सेटिंग सेट अप करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### अपना फ़ोन चालू करें

1. अपना फ़ोन चालू करने के लिए, पावर कुंजी को तब तक दबाए रखें, जब तक कि फ़ोन में कंपन न हो.
2. जब आपका फ़ोन चालू हो, तब अपनी भाषा और क्षेत्र चुनें.
3. आपके फ़ोन पर दिखाए जाने वाले निर्देशों का पालन करें.

### अपने पिछले फ़ोन से डेटा ट्रांसफ़र करें

आप अपने Google खाते का उपयोग करके किसी पुराने फ़ोन से अपने नए फ़ोन में डेटा स्थानांतरित कर सकते हैं.

अपने पुराने फ़ोन के डेटा का Google खाते पर बैक अप लेने के लिए, अपने पुराने फ़ोन की उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.

1. सेटिंग > उपयोगकर्ता और खाते > खाता जोड़ें > Google पर टैप करें.
2. वह डेटा चुनें, जिसे आप अपने नए फ़ोन पर पुनर्स्थापित करना चाहते हैं. जैसे ही आपका फ़ोन इंटरनेट से कनेक्ट होगा, समन्वयन की प्रक्रिया अपने आप शुरू हो जाएगी.

### अपने पिछले Android™ फ़ोन की ऐप सेटिंग पुनर्स्थापित करें

यदि आपका पिछला फ़ोन Android था और उस पर Google खाते पर बैक अप लेने की सुविधा सक्षम है, तो आप अपनी ऐप सेटिंग और वाई-फ़ाई पासवर्ड पुनर्स्थापित कर सकते हैं.

1. सेटिंग > सिस्टम बैकअप लें पर टैप करें.
2. Google Drive पर बैकअप लें को चालू पर स्विच करें.

## दोहरी SIM सेटिंग

अगर आपके पास दोहरे SIM वाला वेरिएंट है, तो आप अपने फ़ोन में 2 SIM रख सकते हैं, उदाहरण के लिए, एक अपने कामकाज के लिए और दूसरा अपने निजी उपयोग के लिए.

**नोट**: दोहरे SIM से सक्षम डिवाइसों पर, SIM1 एवं SIM2 दोनों स्लॉट 4G नेटवर्कों को सहायक हैं. फिर भी, यदि आपके SIM1 एवं SIM2 दोनों LTE SIM कार्ड हैं, तो पहला SIM 4G/3G/2G नेटवर्कों को सहायक है, जबकि दूसरा SIM केवल 3G/2G को सहायक है. आपके SIM कार्डों पर अधिक जानकारी के लिए, अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### यह चुनें कि आप कौन-से SIM का उपयोग करना चाहते हैं

उदाहरण के लिए, कॉल करते समय आप नंबर डायल करने के बाद संबंधित SIM 1 या SIM 2 बटन पर टैप करके वह SIM चुन सकते हैं, जिसका आप उपयोग करना चाहते हैं.

आपका फ़ोन दोनों SIM की नेटवर्क स्थिति अलग-अलग दिखाता है. जब डिवाइस का उपयोग न किया जा रहा हो, तब दोनों SIM कार्ड एक ही समय पर उपलब्ध होते हैं, लेकिन जब एक SIM कार्ड सक्रिय हो, उदाहरण के लिए कॉल करते समय, तब दूसरा वाला उपलब्ध नहीं होगा.

### अपने SIM प्रबंधित करें

क्या आप अपने खाली समय के दौरान कामकाज का हस्तक्षेप नहीं चाहते? अथवा क्या आपके एक SIM पर अपेक्षाकृत सस्ता डेटा कनेक्शन है? आप तय कर सकते हैं कि आप कौन-से SIM का उपयोग करना चाहते हैं.

सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > SIM कार्ड पर टैप करें.

### SIM कार्ड का नाम बदलें

आप जिस SIM का नाम बदलना चाहते हैं उस पर टैप करें और अपना मनचाहा नाम टाइप करें.

### यह चुनें कि आप कॉल या डेटा कनेक्शन के लिए किस SIM का उपयोग करना चाहते हैं

इसके लिए पसंदीदा SIM के अंतर्गत, उस सेटिंग पर टैप करें, जिसे आप बदलना चाहते हैं और SIM चुनें.

## फिंगरप्रिंट ID सेट करना

आप अपने फ़ोन को सिर्फ अपनी उंगली से छू कर खोल सकते हैं. अतिरिक्त सुरक्षा के लिए अपनी फिंगरप्रिंट ID सेट करें.

### अंगुली की छाप जोड़ें

1. सेटिंग > सुरक्षा और स्थान > अंगुली की छाप टैप करें. यदि आपके फ़ोन पर स्क्रीन लॉक सेट नहीं किया गया है, तो स्क्रीन लॉक टैप करें.
2. वह बैकअप अनलॉकिंग विधि चुनें, जिसका उपयोग आप लॉक स्क्रीन के लिए करना चाहते हैं और अपने फ़ोन पर दिखाए गए निर्देशों का पालन करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## अपना फ़ोन लॉक या अनलॉक करें

### अपना फ़ोन लॉक करें

यदि आप नहीं चाहते कि जब आपका फ़ोन आपकी जेब या बैग में हो, तब गलती से कॉल हो जाए, तो आप अपनी कुंजियां और स्क्रीन लॉक कर सकते हैं.

अपनी कुंजियां और स्क्रीन लॉक करने के लिए, पावर कुंजी दबाएं.

### कुंजियां और स्क्रीन अनलॉक करें

पावर कुंजी दबाएं और स्क्रीन पर ऊपर की तरफ़ स्वाइप करें. मांगे जाने पर, अतिरिक्त क्रेडेंशियल प्रदान करें.

## टच स्क्रीन का उपयोग करें

**महत्वपूर्ण**: टच स्क्रीन को खरोंच लगने से बचाएँ. टच स्क्रीन पर कभी भी वास्तविक पेन, पेंसिल या अन्य नुकीली चीज़ का उपयोग न करें.

### किसी आइटम को खींचने के लिए टैप और होल्ड करें



अपनी अंगुली को आइटम पर कुछ सेकंड तक रखें और फिर अपनी अंगुली को स्क्रीन के एक से दूसरे सिरे की ओर सरकाएं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**स्वाइप करें**



अपनी अंगुली स्क्रीन पर रखें और उसे अपनी मनचाही दिशा में स्लाइड करें.

**किसी लंबी सूची या मेनू को स्क्रॉल करें**



अपनी अंगुली को स्क्रीन पर तेज़ी से ऊपर या नीचे स्लाइड करें और अपनी अंगुली ऊपर उठा लें. स्क्रॉलिंग बंद करने के लिए, स्क्रीन पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**ज़ूम इन या आउट करें**



मानचित्र, फ़ोटो या वेब पृष्ठ जैसे किसी आइटम पर 2 अंगुलियां रखें और अपनी अंगुलियों को अलग-अलग दिशा में या एक साथ स्लाइड करें.

**स्क्रीन अभिविन्यास लॉक करें**

जब आप अपने फ़ोन को 90 डिग्री के कोण पर घुमाते हैं, तो स्क्रीन अपने आप घूम जाती है.

स्क्रीन को पोर्ट्रेट मोड में लॉक करने के लिए, स्क्रीन पर ऊपर से नीचे स्वाइप करें और स्वतः घुमाएं पर टैप करके पोर्ट्रेट पर स्विच करें.

**नेविगेशन कुंजियों का उपयोग करें**

यह देखने के लिए कि आपने कौन-कौन से ऐप्स खोल रखें हैं, अवलोकन कुंजी पर टैप करें □.

किसी अन्य ऐप पर स्विच करने के लिए, अपने मनचाहे ऐप पर टैप करें. किसी ऐप को बंद करने के लिए, उसके बगल में मौजूद × आइकन पर टैप करें.

आप पहले जिस स्क्रीन पर थे उस पर वापस जाने के लिए, वापस जाएँ कुंजी ◁ पर टैप करें. आपका फ़ोन पिछली बार आपकी स्क्रीन लॉक होने से ले कर अब तक आपके द्वारा देखे गए सभी ऐप्स और वेबसाइटों को याद रखता है.

होम स्क्रीन पर जाने के लिए, होम कुंजी ○ पर टैप करें. आप जिस ऐप पर थे वह पृष्ठभूमि में खुला रहेगा.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**एक साथ दो ऐप्स खोलें**

एक ऐप से दूसरे ऐप पर आसानी से नेविगेट करने हेतु स्क्रीन को दो ऐप्स के बीच बांटने के लिए अवलोकन □ कुंजी को दबाए रखें. सामान्य दृश्य पर वापस जाने के लिए अवलोकन □ कुंजी को दोबारा दबाए रखें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 3 बुनियादी तथ्य

## अपना फ़ोन वैयक्तिकृत करें

होम स्क्रीन वैयक्तिकृत करने और रिंगटोन बदलने का तरीका जानें.

### अपना वॉलपेपर बदलें

सेटिंग > प्रदर्शन > वॉलपेपर पर टैप करें.

### अपने फ़ोन की रिंगटोन बदलें

1. सेटिंग > ध्वनि पर टैप करें.
2. अलग-अलग SIM की अलग-अलग रिंगटोन चुनने के लिए फ़ोन रिंगटोन (SIM1) या > फ़ोन रिंगटोन (SIM2) चुनें.

### अपने संदेश की नोटिफ़िकेशन ध्वनि बदलें

सेटिंग > ध्वनि > उन्नत > सामान्य सूचना ध्वनि पर टैप करें.

## कोई ऐप खोलें और बंद करें

### कोई ऐप खोलें

होम स्क्रीन पर मौजूद किसी आइकन को खोलने के लिए उस पर टैप करें. पृष्ठभूमि में चल रहे किसी ऐप को खोलने के लिए, ☐ पर टैप करें और ऐप चुनें.

### कोई ऐप बंद करें

☐ पर टैप करें और फिर उस ऐप पर × पर टैप करें, जिसे आप बंद करना चाहते हैं.

### अपने ऐप ढूँढें

अपनी होम स्क्रीन पर अपने सभी ऐप्स देखने के लिए स्क्रीन के निचले हिस्से से ऊपर की ओर स्वाइप करें.

### चल रहे सभी ऐप बंद करें

☐ दबाएं और ऊपर स्वाइप करते हुए सभी ऐप्स का जायज़ा लें और फिर सभी मिटाएं टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## नोटिफ़िकेशन

नोटिफ़िकेशन के साथ अपने फ़ोन के संबंध में ताज़ा जानकारी पाते रहें.

### नोटिफ़िकेशन फलक का उपयोग करें

संदेश या छूटी कॉल जैसे नए नोटिफ़िकेशन प्राप्त होने पर, स्क्रीन के शीर्ष पर मौजूद स्थिति बार में संकेतक आइकन दिखाई देते हैं. नोटिफिकेशन के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए, स्थिति पट्टी नीचे की ओर खींचें. दृश्य बंद करने के लिए, स्क्रीन पर ऊपर की ओर स्वाइप करें.

नोटिफिकेशन फलक खोलने के लिए, स्थिति बार को नीचे की ओर खींचें. नोटिफ़िकेशन फलक बंद करने के लिए, स्क्रीन पर ऊपर की ओर स्वाइप करें.

किसी ऐप की नोटफिकेशन सेटिंग बदलने के लिए, सेटिंग > ऐप और नोटफिकेशन > नोटफिकेशन > ऐप के नोटफिकेशन पर टैप करें और ऐप सेटिंग खोलने के लिए, उस ऐप के नाम पर टैप करें. आप हर ऐप के लिए नोटफिकेशन को अलग-अलग चालू या बंद कर सकते हैं. उन ऐप्स को देखने के लिए, जिन्हें नोटफिकेशन की अनुमति नहीं है, सभी ऐप्स > ऐप्स पर टैप करें: बंद किया गया.

**टिप:** नेटफिकेशन बिंदु देखने के लिए, सेटिंग > ऐप्स और नोटफिकेशन > नोटफिकेशन पर टैप करें और नोटफिकेशन बिंदु को अनुमति दें को चालू पर स्विच करें. अगर आपको एक नोटफिकेशन प्राप्त हुआ है और आपने उसे देखा नहीं है, तो ऐप आइकन पर एक छोटा बिंदु दिखाई देगा. उपलब्ध विकल्पों को देखने के लिए उस आइकन पर टैप करके रखें. आप उसे खोलने के लिए उस नोटफिकेशन पर टैप कर सकते हैं या उसे ख़ारिज करने के लिए स्वाइप कर सकते हैं.

### त्वरित सेटिंग आइकन का उपयोग करें



सुविधाओं को सक्रिय करने के लिए, नोटफिकेशन पैनल पर मौजूद त्वरित सेटिंग आइकन पर टैप करें. अधिक आइकन देखने के लिए, मेनू को नीचे की ओर खींचें.

इन आइकनों को पुनः व्यवस्थित करने के लिए, ✎ पर टैप करें, किसी आइकन पर टैप करके उसे दबाकर रखें और फिर उसे खींचते हुए किसी दूसरे स्थान पर ले जाएं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## वॉल्यूम नियंत्रित करें

### वॉल्यूम बदलें

यदि आपको शोरगुल वाले परिवेश में अपने फ़ोन की रिंग सुनने में परेशानी हो रही है या कॉल की आवाज़ ज़रूरत से ज़्यादा है, तो आप अपने फ़ोन के किनारे स्थित वॉल्यूम कुंजियों का उपयोग करके वॉल्यूम को मनचाहे स्तर पर बदल सकते हैं.

ऐसे उत्पादों के साथ कनेक्ट न करें, जो आउटपुट सिग्नल पैदा करते हैं, क्योंकि ऐसा करने पर डिवाइस को नुकसान पहुंच सकता है. ऑडियो कनेक्टर से कोई भी वोल्टेज स्रोत कनेक्ट न करें. यदि आप ऑडियो कनेक्टर के साथ इस डिवाइस के साथ उपयोग के लिए अनुमोदित डिवाइस या हैडसेट के बजाय कोई बाहरी डिवाइस या हैडसेट कनेक्ट करते हैं, तो वॉल्यूम स्तरों पर विशेष ध्यान दें.

### मीडिया और ऐप्स का वॉल्यूम बदलें

वॉल्यूम स्थिति बार देखने के लिए अपने फ़ोन के किनारे स्थित वॉल्यूम कुंजी दबाएं, फिर ⌄ पर टैप करें फिर मीडिया और ऐप्स के लिए वॉल्यूम बार के स्लाइडर को बाएं या दाएं खींचें.

### फ़ोन को मौन पर सेट करें

फ़ोन को मौन करने के लिए वॉल्यूम कम करने की कुंजी को दबाए रखें और उसे फिर से दबाएं. पहली बार दबाने पर फ़ोन को केवल कंपन पर और दूसरी बार दबाने पर मौन पर सेट कर दिया जाता है.

**युक्ति:** क्या आप अपने फ़ोन को मौन मोड में नहीं रखना चाहते, लेकिन अभी उत्तर देने में असमर्थ हैं? इनकमिंग कॉल को मौन करने के लिए, वॉल्यूम कम करें कुंजी दबाएं. आप अपना फ़ोन पिक करते समय रिंगटोन को म्यूट करने के लिए भी उसे सेट कर सकते हैं: सेटिंग > सिस्टम > जेस्चर > उठाने पर आवाज़ शांत पर टैप करें और उसे चालू करें.
यदि आप फ़ोन को उलटा करके इनकमिंग कॉल को अस्वीकार करने में समर्थ होना चाहते हैं, तो सेटिंग > सिस्टम > जेस्चर > कॉल को अस्वीकार करने के लिए उलटा करें पर टैप करें और उसे चालू पर स्विच करें.

## स्क्रीनशॉट

### एक स्क्रीनशॉट बनाएं

स्क्रीनशॉट लेने के लिए, नोटिफिकेशन फलक खोलें और स्थिति बार को नीचे की ओर खींचें. स्क्रीन कैप्चर पर टैप करें. आप फ़ोटो में कैप्चर की गई छवियां देख सकते हैं.

कुछ ऐप्स और सुविधाओं का उपयोग करते समय स्क्रीनशॉट कैप्चर करना संभव नहीं होता.

## बैटरी लाइफ़

ज़रूरी बैटरी लाइफ़ प्राप्त करके अपने फ़ोन का अधिकाधिक लाभ उठाएं. कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने फ़ोन पर पावर की बचत कर सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### बैटरी लाइफ़ बढ़ाएं

पावर की बचत करने के लिए:

1. बैटरी को हमेशा पूरी तरह चार्ज करें.
2. अनावश्यक ध्वनियों को म्यूट कर दें, जैसे कि स्पर्श करने पर निकलने वाली ध्वनियाँ. सेटिंग > ध्वनि > उन्नत पर टैप करें और अन्य ध्वनियां और कंपन्न के अंतर्गत, वे ध्वनियां चुनें जिन्हें आप रखना चाहते हैं.
3. लाउडस्पीकर की जगह वायर्ड हेडफ़ोन का उपयोग करें.
4. फ़ोन स्क्रीन को थोड़े समय के बाद बंद होने के लिए सेट करें. सेटिंग > प्रदर्शन > उन्नत > प्रयोग में नहीं पर टैप करें और समय चुनें.
5. सेटिंग > प्रदर्शन > चमक स्तर पर टैप करें. चमक समायोजित करने के लिए चमक स्तर के स्लाइडर को खींचें. सुनिश्चित करें कि अनुकूलनीय रोशनी अक्षम हो.
6. ऐप्स को पृष्ठभूमि में चलने से रोक दें: ▢ पर टैप करें और वे ऐप्स बंद कर दें, जिनकी आपको ज़रूरत नहीं है.
7. पावर सेवर चालू करें: सेटिंग > बैटरी > बैटरी सेवर पर टैप करें और चालू पर स्विच करें.
8. स्थान सेवाओं का सोच-समझकर उपयोग करें: जब आपको स्थान सेवाओं की ज़रूरत न हो, तो उन्हें बंद कर दें. सेटिंग > सुरक्षा और स्थान > स्थान पर टैप करें और बंद पर स्विच करें.
9. नेटवर्क कनेक्शन का सोच-समझकर उपयोग करें: ब्लूटूथ तभी चालू करें, जब उसकी ज़रूरत हो. इंटरनेट से कनेक्ट करने के लिए मोबाइल डेटा कनेक्शन के बजाय वाई-फ़ाई कनेक्शन का उपयोग करें. अपने फ़ोन को उपलब्ध वायरलेस नेटवर्क स्कैन करने से रोकें. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > वाई-फ़ाई पर टैप करें और बंद पर स्विच करें. यदि आप संगीत सुन रहे हैं या फिर अपने फ़ोन का उपयोग कर रहे हैं और कॉल करना या कॉल प्राप्त करना नहीं चाहते, तो हवाई जहाज मोड चालू कर दें. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > हवाई जहाज मोड पर टैप करें.

हवाई जहाज मोड मोबाइल नेटवर्क का कनेक्शन बंद कर देता है और आपके डिवाइस की वायरलेस सुविधाओं को बंद कर देता है.

## डेटा रोमिंग की लागतें कम करें

आप मोबाइल डेटा सेटिंग बदलकर डेटा रोमिंग की लागतें कम करके अपने फ़ोन बिल के पैसे बचा सकते हैं. अनुकूलतम कनेक्शन पद्धति का उपयोग करने के लिए, वाई-फ़ाई और मोबाइल नेटवर्क सेटिंग बदलें.

डेटा रोमिंग का अर्थ है अपने फ़ोन पर डेटा प्राप्त करने के लिए किसी ऐसे नेटवर्क का उपयोग करना, जिसका स्वामी या संचालक आपका नेटवर्क सेवा प्रदाता नहीं है. रोमिंग के दौरान इंटरनेट से कनेक्ट करने पर, विशेषरूप से जब आप विदेश में हों, डेटा लागतों में काफ़ी वृद्धि हो सकती है.

वाई-फ़ाई कनेक्शन का उपयोग आमतौर पर मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करने की तुलना में अधिक तेज़ और कम खर्चीला होता है. यदि वाई-फ़ाई और मोबाइल डेटा कनेक्शन दोनों उपलब्ध हों, तो आपका फ़ोन वाई-फ़ाई कनेक्शन का उपयोग करता है.

### किसी वाई-फ़ाई नेटवर्क से कनेक्ट करें

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > वाई-फ़ाई पर टैप करें.

2. सुनिश्चित करें कि वाई-फ़ाई नेटवर्किंग चालू है.
3. आप जिस कनेक्शन का उपयोग करना चाहते हैं उसे चुनें.

### मोबाइल डेटा कनेक्शन बंद करें

स्क्रीन के ऊपरी हिस्से से नीचे की ओर स्वाइप करें ◢ मोबाइल डेटा पर टैप करें और मोबाइल डेटा को बंद पर स्विच करें.

**युक्ति:** अपने डेटा उपयोग पर नज़र रखने के लिए, सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > डेटा उपयोग पर टैप करें.

### डेटा रोमिंग बंद करें

सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > मोबाइल नेटवर्क पर टैप करें और रोमिंग बंद पर स्विच करें.

## लेख संदेश लिखें

अपने फ़ोन के कीबोर्ड का उपयोग करके तेज़ी और कुशलता के साथ लेख संदेश लिखने का तरीका जानें.

### ऑन-स्क्रीन कीबोर्ड का उपयोग करें

ऑन-स्क्रीन कीबोर्ड के साथ आप आसानी से लिख सकते हैं. आप अपने फ़ोन को पोर्ट्रेट या लैंडस्केप मोड में रखकर कीबोर्ड का उपयोग कर सकते हैं. अलग-अलग ऐप्स और भाषाओं में कीबोर्ड के लेआउट में फ़र्क हो सकता है.

ऑन-स्क्रीन कीबोर्ड खोलने के लिए, किसी लेख संदेश बॉक्स पर क्लिक करें.

### अपर और लोअर केस वर्णों के बीच स्विच करें

shift कुंजी पर टैप करें. caps lock मोड चालू करने के लिए, कुंजी पर डबल-टैप करें. सामान्य मोड पर वापस आने के लिए, shift कुंजी पर दोबारा टैप करें.

### कोई संख्या या विशिष्ट वर्ण टाइप करें

संख्या और प्रतीक कुंजी पर टैप करें. कुछ विशिष्ट वर्ण वाली कुंजियां और प्रतीक दिखाती हैं. अधिक प्रतीक देखने के लिए, किसी प्रतीक या विशिष्ट वर्ण पर टैप करें और दबाकर रखें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### इमोजी डालें

इमोजी कुंजी पर टैप करें और इमोजी चुनें.

### लेख संदेश कॉपी करें या चपिकाएं

कसिी शब्द पर टैप करें और दबाकर रखें, फरि उस शब्द के आगे और पीछे मौजूद मार्कर को खींचकर वह अनुभाग हाइलाइट करें, जसि आप कॉपी करना चाहते हैं और फरि कॉपी करें पर टैप करें. लेख संदेश को चपिकाने के लिए, उस जगह पर टैप करें, जहां आप लेख संदेश चपिकाना चाहते हैं और फरि चपिकाएं चुनें.

### कसिी वर्ण पर एक्सेंट जोड़ें

यदिआपके कीबोर्ड द्वारा समर्थति है, तो वर्ण पर टैप करें और दबाकर रखें और एक्सेंट या एक्सेंट युक्त वर्ण पर टैप करें.

### कोई वर्ण हटाएं

backspace कुंजी पर टैप करें.

### कर्सर को एक से दूसरी जगह ले जाएं

आपके द्वारा अभी-अभी लिखा गया शब्द संपादति करने के लिए, शब्द पर टैप करें और कर्सर को अपने मनचाहे स्थान पर खींचकर ले आएं.

### कीबोर्ड और शब्द सुझावों का उपयोग करें

जैसे-जैसे आप लखिते जाते हैं, आपका फ़ोन आपको शब्दों का सुझाव देता जाता है, ताकिआपको अधकि तेज़ी और सटीकता से लखिने में मदद मलि. हो सकता है सभी भाषाओं के लिए शब्द सुझाव उपलब्ध न हों.

जब आप कोई शब्द लखिना शुरू करते हैं, तो आपका फ़ोन संभावति शब्दों का सुझाव देता है. जब सुझाव बार में आपका वांछति शब्द दखािया जाए, तो उसे चुन लें. और सुझाव देखने के लिए, सुझाव पर टैप करें और दबाकर रखें.

**युक्ति:** यदिसुझाया गया शब्द बोल्ड अक्षरों में चहि्नति है, तो आपका फ़ोन स्वचालति रूप से उसका उपयोग करके उससे आपके द्वारा लखिे गए शब्द को बदल देता है. यदिशब्द गलत है, तो कुछ और सुझाव देखने के लिए शब्द पर टैप करें और दबाकर रखें.
यदिआप नहीं चाहते हैं कि कीबोर्ड लखिने के दौरान शब्दों का सुझाव दे तो पाठ सुधार बंद कर दें. सेटगिं > सस्टिम > भाषाएं और इनपुट > वर्चुअल कीबोर्ड पर टैप करें. आप जसि कीबोर्ड का सामान्य तौर पर उपयोग करते हैं, उसे चुनें. लेख सुधार टैप करें और उन पाठ सुधार वधियिों को बंद कर दें जनिका उपयोग आप नहीं करना चाहते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधकिार सुरक्षति. 

#### किसी शब्द को सही करें

यदि आप देखते हैं कि आपने किसी शब्द की वर्तनी गलत लिखी हुई है, तो उस पर टैप करके शब्द को ठीक करने के सुझाव देखें.

#### वर्तनी परीक्षक बंद करें

सेटिंग > सिस्टम > भाषाएं और इनपुट > उन्नत > वर्तनी परीक्षक पर टैप करें और वर्तनी परीक्षक को बंद पर स्विच करें.

## दिनांक और समय

समय का हिसाब रखें – अपने फ़ोन का घड़ी और अलार्म घड़ी के रूप में उपयोग करने का तरीका जानें और साथ ही अपने अपॉइंटमेंट, कार्यों और शेड्यूल को अपडेट रखने का तरीका जानें.

#### दिनांक और समय सेट करें

सेटिंग > सिस्टम > दिनांक और समय पर टैप करें.

#### समय और दिनांक स्वचालित रूप से अपडेट करें

आप अपने फ़ोन को समय, दिनांक और समय क्षेत्र को स्वचालित रूप से अपडेट करने के लिए सेट कर सकते हैं. स्वचालित अपडेट एक नेटवर्क सेवा है और आपके क्षेत्र या नेटवर्क सेवा प्रदाता पर निर्भर करते हुए हो सकता है आपके लिए उपलब्ध न हो.

1. सेटिंग > सिस्टम > दिनांक और समय पर टैप करें.
2. स्वचालित दिनांक और समय को चालू पर स्विच करें.
3. स्वचालित समय क्षेत्र को चालू पर स्विच करें.

#### घड़ी को 24-घंटे के प्रारूप में बदलें

सेटिंग > सिस्टम > दिनांक और समय पर टैप करें और 24-घंटे के प्रारूप का उपयोग करें को चालू पर स्विच करें.

## घड़ी और अलार्म

आपकी घड़ी सिर्फ़ अलार्म के लिए नहीं है – जाने की आप इसके साथ और क्या-क्या कर सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### काउंटडाउन टाइमर का उपयोग करें

खाना बनाएं बिल्कुल सही समय पर – काउंटडाउन टाइमर का उपयोग करके खाना बनाने के समय का हिसाब रखें.

1. घड़ी > ⌛ टाइमर पर टैप करें.
2. टाइमर की अवधि सेट करें.

### स्टॉपवॉच का उपयोग करें

स्टॉपवॉच का उपयोग करके रनिंग ट्रैक पर अपनी क्षमता में आने वाले सुधार पर गौर करें.

घड़ी > ⏱ स्टॉपवॉच पर टैप करें.

### अलार्म सेट करें

आप अपने फ़ोन का अलार्म घड़ी के रूप में उपयोग कर सकते हैं.

1. घड़ी > ⏰ अलार्म पर टैप करें.
2. अलार्म जोड़ने के लिए, ⊕ पर टैप करें.
3. अलार्म संशोधित करने के लिए, उसे टैप करें. अलार्म को कुछ ख़ास दिनांकों पर दोहराने हेतु सेट करने के लिए दोहराएं पर निशान लगाएं और सप्ताह के दिनों को हाइलाइट करें.

### अलार्म स्नूज़ करें

यदि आप अभी बिस्तर नहीं छोड़ना चाहते, तो अलार्म बजने पर उसे बाईं ओर स्वाइप करें. स्नूज़ की अवधि समायोजित करने के लिए, घड़ी > ⋮ > सेटिंग > स्नूज़ अवधि पर टैप करें और अपनी इच्छानुसार अवधि चुनें.

### अलार्म बंद करें

अलार्म बजने पर आप उसे दाईं ओर स्वाइप करें.

### अलार्म हटाएं

घड़ी > ⏰ अलार्म पर टैप करें. अलार्म चुनें और 🗑 हटाएं पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# कैल्क्यूलेटर

अब आपको पॉकेट कैल्क्यूलेटर की कोई ज़रूरत नहीं – आपके फ़ोन में एक कैल्क्यूलेटर है.

## कैल्क्यूलेटर का उपयोग करें

कैल्क्यूलेटर पर टैप करें.

उन्नत कैल्क्यूलेटर का उपयोग करने के लिए, स्क्रीन पर दिखने वाली पट्टी को दाईं छोर से बाईं ओर स्वाइप करें.

# एक्सेस योग्यता

अपने फ़ोन का उपयोग आसान बनाने के लिए आप विभिन्न सेटिंग बदल सकते हैं.

## अक्षरों का आकार बढ़ाएं या घटाएं

क्या आप अपने फ़ोन पर बड़े आकार के अक्षर चाहते हैं?

1. सेटिंग > एक्सेस योग्यता पर टैप करें.
2. अक्षरों का आकार पर टैप करें. अक्षरों का आकार बढ़ाने या घटाने के लिए अक्षरों के आकार का स्तर विकल्प का स्लाइडर खींचें.

## प्रदर्शन आकार बढ़ाएं या घटाएं

क्या आप अपनी स्क्रीन पर मौजूद आइटमों का आकार छोटा या बड़ा करना चाहते हैं?

1. सेटिंग > एक्सेस योग्यता पर टैप करें.
2. प्रदर्शन आकार पर टैप करें और प्रदर्शन आकार समायोजित करने के लिए प्रदर्शन आकार का स्तर विकल्प का स्लाइडर खींचें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 4 अपने मित्रों और परिवार के साथ कनेक्ट करें

## कॉल

### एक कॉल करें

1. पर टैप करें.
2. कोई नंबर लिखें, या पर टैप करें और वह संपर्क चुनें, जिसे आप कॉल करना चाहते हैं।
3. पर टैप करें. यदि आपने दूसरा SIM भी डाला हुआ है, तो दोनों में से किसी भी SIM से कॉल करने के लिए उससे संबंधित आइकन पर टैप करें.

### किसी कॉल का उत्तर दें

जब फ़ोन बजता है, तो उत्तर देने के लिए ऊपर स्वाइप करें.

**युक्ति:** क्या आप अपने फ़ोन को मौन मोड में नहीं रखना चाहते, लेकिन अभी उत्तर देने में असमर्थ हैं? इनकमिंग कॉल को मौन करने के लिए, वॉल्यूम कम करें कुंजी दबाएं. आप अपना फ़ोन पिक करते समय रिंगटोन को म्यूट करने के लिए भी उसे सेट कर सकते हैं: सेटिंग > सिस्टम > जेस्चर > उठाने पर आवाज़ शांत पर टैप करें और उसे चालू करें.
यदि आप फ़ोन को उलटा करके इनकमिंग कॉल को अस्वीकार करने में समर्थ होना चाहते हैं, तो सेटिंग > सिस्टम > जेस्चर > कॉल को अस्वीकार करने के लिए उलटा करें पर टैप करें और उसे चालू पर स्विच करें.

### कॉल को अस्वीकार करें

कॉल अस्वीकार करने के लिए नीचे स्वाइप करें.

## संपर्क

अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के फ़ोन नंबर सहेजें और व्यवस्थित करें.

### कॉल इतिहास से कोई संपर्क सहेजें

1. फ़ोन में, कॉल इतिहास देखने के लिए पर टैप करें.
2. उस नंबर पर टैप करें, जिसे आप सहेजना चाहते हैं.
3. इसे तब चुनें, जब आप नया संपर्क बनाना या किसी संपर्क में जोड़ना चाहते हों.
4. संपर्क जानकारी टाइप करें और सहेजें पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### कोई संपर्क जोड़ें

1. संपर्क > ⊕ पर टैप करें.
2. जानकारी भरें.
3. सहेजें पर टैप करें।

### संपर्क संपादित करें

1. संपर्क पर टैप करें और फिर उस संपर्क पर टैप करें, जिसे आप संपादित करना चाहते हैं।
2. ✎ पर टैप करें.
3. जानकारी संपादित करें.
4. सहेजें पर टैप करें।

### संपर्क खोजना

1. संपर्क पर टैप करें.
2. 🔍 पर टैप करें.

### अपनी संपर्क सूची फ़िल्टर करें

संपर्क > ≡ > ⚙ सेटिंग पर टैप करें, संपर्क सूची के अंतर्गत इसके अनुसार सॉर्ट करें या नाम स्वरूप पर टैप करें.

### संपर्क आयात या निर्यात करें

संपर्क > ≡ > ⚙ सेटिंग > आयात करें/निर्यात करें पर टैप करें.

## संदेश भेजें और प्राप्त करें

लेख संदेशों के ज़रिये अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के संपर्क में रहें.

### एक संदेश भेजें

1. संदेश पर टैप करें.
2. ⊕ पर टैप करें.
3. कोई प्राप्तकर्ता जोड़ने के लिए, प्राप्तकर्ता बॉक्स में उनका नंबर टाइप करें. कोई संपर्क जोड़ने के लिए, उनके नाम टाइप करना शुरू करें

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

और संपर्क पर टैप करें.

4. सभी प्राप्तकर्ता चुनने के बाद, ✓ पर टैप करें.

5. लेख संदेश बॉक्स में अपना संदेश लिखें.

6. ➤ पर टैप करें.

**युक्ति:** यदि आप संदेश में कोई फ़ोटो भेजना चाहते हैं, तो फ़ोटो पर टैप करें > जिस फ़ोटो को आप साझा करना चाहते हैं, उस पर टैप करें और < पर टैप करें. संदेश चुनें.

### कोई संदेश पढ़ें

1. संदेश पर टैप करें।
2. उस संदेश पर टैप करें, जिसे आप पढ़ना चाहते हैं. आप नोटिफिकेशन फलक से भी संदेश पढ़ सकते हैं. स्क्रीन के ऊपरी हिस्से से नीचे की ओर स्क्रॉल करें और संदेश पर टैप करें.

### किसी संदेश का उत्तर दें

1. संदेश पर टैप करें।
2. उस संदेश पर टैप करें, जिसका आप उत्तर देना चाहते हैं.
3. संदेश के नीचे मौजूद लेख संदेश बॉक्स में अपना उत्तर लिखें और ➤ पर टैप करें.

## मेल

आप घूमते-फिरते हुए भी अपने फ़ोन का उपयोग करके मेल पढ़ और उसका उत्तर दे सकते हैं.

### एक मेल खाता जोड़ें

पहली बार Gmail ऐप का उपयोग करने पर, आपसे अपना ईमेल खाता सेट अप करने को कहा जाता है.

1. Gmail पर टैप करें.
2. आप अपने Google खाते से कनेक्ट पता चुन सकते हैं या फिर एक ईमेल पता जोड़ें पर टैप कर सकते हैं.
3. सभी खाते जोड़ने के बाद, मुझे GMAIL पर ले जाएं पर टैप करें.

### कोई मेल खाता हटाएं

1. सेटिंग > उपयोगरता और खाते पर टैप करें.
2. उस खाते पर टैप करें, जिसे आप हटाना चाहते हैं और खाता हटाएं पर टैप करें.

### मेल भेजें

1. Gmail पर टैप करें.
2. ✎ पर टैप करें.
3. प्रति बॉक्स में, एक पता टाइप करें या ⋮ > संपर्क से जोड़ें पर टैप करें.
4. संदेश का विषय और फिर मेल टाइप करें.
5. ➤ पर टैप करें.

### मेल पढ़ें और उसका उत्तर दें

1. Gmail पर टैप करें.
2. उस संदेश पर टैप करें, जिसे आप पढ़ना चाहते हैं.
3. संदेश का उत्तर देने के लिए, ↰ पर टैप करें या फिर ⋮ > सभी को उत्तर दें पर टैप करें.

### मेल हटाएं

1. Gmail पर टैप करें.
2. उस संदेश पर टैप करें, जिसे आप हटाना चाहते हैं और 🗑 पर टैप करें.
3. अनेक संदेश हटाने के लिए, प्राप्तकर्ता के आद्याक्षर वाले वृत्त पर टैप करके संदेश चुनें और 🗑 पर टैप करें.

## सामाजिक बनें

क्या आप अपनी ज़िंदिगी में शामिल लोगों से कनेक्ट करना और उनके साथ चीज़ें साझा करना चाहते हैं? सामाजिक ऐप्स के साथ, आप अपने मित्रों से जुड़ी ताज़ा जानकारी पा सकते हैं.

### सामाजिक ऐप्स

अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के संपर्क में बने रहने के लिए, अपनी झटपट मेसेज सेवा, साझाकरण और सामाजिक नेटवर्किंग सेवाओं में साइन इन करें. अपनी होम स्क्रीन से वह सेवा चुनें, जिसका आप उपयोग करना चाहते हैं. सामाजिक ऐप्स Google Play स्टोर में उपलब्ध हैं. उपलब्ध सेवाओं में फ़र्क हो सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 5 कैमरा

## कैमरे से संबंधित बुनियादी बातें

जब आपके फ़ोन में ही यादगार पलों को कैद करने की सुविधा हो, तो अलग से कैमरा ले जाने की क्या ज़रूरत है? अपने फ़ोन के कैमरे के साथ, आप आसानी से फ़ोटो ले सकते हैं या वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं.

### फ़ोटो लें

स्पष्ट और जीवंत फ़ोटो शूट करें – अपने फ़ोटो एल्बम में यादगार पलों को कैप्चर करें.

1. कैमरा पर टैप करें.
2. लक्ष्य बांधें और फ़ोकस करें.
3. ○ पर टैप करें.

### सेल्फ़ी लें

बेजोड़ सेल्फ़ी लेना चाहते हैं? सेल्फ़ी लेने के लिए अपने फ़ोन के फ़्रंट कैमरे का उपयोग करें.

1. कैमरा पर टैप करें.
2. फ़्रंट कैमरे पर स्विच करने के लिए पर टैप करें.
3. लक्ष्य बांधें और फ़ोकस करें.
4. ○ पर टैप करें.

### पैनोरमा लें

कैमरा > ≡ > पैनोरमा पर टैप करें और अपने फ़ोन पर दिए गए निर्देशों का पालन करें.

## वीडियो रिकॉर्ड करें

### वीडियो रिकॉर्ड करें

1. कैमरा पर टैप करें.
2. वीडियो रिकॉर्डिंग मोड पर स्विच करने के लिए, बाएँ स्वाइप करें.
3. रिकॉर्डिंग प्रारंभ करने के लिए, ◎ वीडियो पर टैप करें.
4. रिकॉर्डिंग रोकने के लिए, ⊡ पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

5. कैमरा मोड में वापस जाने के लिए, दाएँ स्वाइप करें.

### स्लो-मोशन वीडियो रिकॉर्ड करें

1. वीडियो रिकॉर्डिंग मोड पर स्विच करने के लिए, बाएँ स्वाइप करें.
2. ≡ पर टैप करें.
3. स्लो मोशन पर टैप करें.
4. रिकॉर्डिंग प्रारंभ करने के लिए, स्लो मोशन पर टैप करें.
5. रिकॉर्डिंग रोकने के लिए, पर टैप करें.

## अपने कैमरे का पेशेवर की तरह उपयोग करें

अपनी फ़ोटो की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए, अपने कैमरे में विभिन्न मोड का उपयोग करें.

### अपने कैमरा सेटिंग के बारे में जानें

कैमरा ऐप में, प्रत्येक सेटिंग के बारे में अधिक जानने के लिए, ≡ > सेटिंग पर टैप करें.

### मैन्युअल मोड में कैमरे का उपयोग करें

मैन्युअल मोड में, आप क्लोज़-अप, वाइड एंगल फ़ोटो ले सकते हैं और AWB (स्वतः श्वेत संतुलन) को एडजस्ट कर सकते हैं. मैन्युअल मोड आज़माएँ, कैमरा > ≡ > मैन्युअल पर टैप करें.

### टाइमर के साथ फ़ोटो खींचें

क्या आप शूट करने में भी समय चाहते हैं? टाइमर आज़माएं.

1. कैमरा पर टैप करें.
2. पर टैप करें. यह बटन टाइमर की सेटिंग दिखाता है. इसे बदलने के लिए, दोबारा टैप करें.
3. टाइमर की अवधि चुनें.
4. फ़ोटो पर टैप करें.

### बेहतरीन गुणवत्ता के फ़ोटो खींचें

कैमरा ऐप में ≡ > सेटिंग > रिज़ॉल्यूशन पर टैप करें और आप जो रिज़ॉल्यूशन चाहते हैं, उसे सेट करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## अपने फ़ोटो और वीडियो मेमोरी कार्ड में सहेजें

यदि आपके फ़ोन में मेमोरी कार्ड है और आपकी फ़ोन मेमोरी में ज़्यादा जगह नहीं है, तो आप खींचे गए फ़ोटो और रिकॉर्ड किए गए वीडियो को मेमोरी कार्ड में सहेज सकते हैं.

**युक्ति:** सबसे अच्छी गुणवत्ता का वीडियो बनाने के लिए, अपनी फ़ोन मेमोरी में वीडियो रिकॉर्ड करें. यदि आप मेमोरी कार्ड में वीडियो रिकॉर्ड करते हैं, तो आपको किसी जाने-माने निर्माता द्वारा निर्मित तेज़ 4-128GB के microSD कार्ड का उपयोग करने का सुझाव दिया जाता है.

### सहेजे गए फ़ोटो और वीडियो का स्थान बदलें

1. कैमरा पर टैप करें.
2. ≡ > ⚙ सेटिंग > डेटा संग्रहण पर टैप करें.

## आपके फ़ोटो और वीडियो

### अपने फ़ोन पर फ़ोटो और वीडियो देखें

उन ख़ास पलों को फिर से जीना चाहते हैं? अपने फ़ोन पर फ़ोटो और वीडियो देखें.

फ़ोटो पर टैप करें.

### अपने कंप्यूटर पर अपने फ़ोटो और वीडियो कॉपी करें

क्या आप अपने फ़ोटो या वीडियो किसी बड़ी स्क्रीन पर देखना चाहते हैं? उन्हें अपने कंप्यूटर पर ले जाएं.

अपने फ़ोटो और वीडियो कंप्यूटर पर कॉपी करने या स्थानांतरित करने के लिए आप अपने कंप्यूटर के फ़ाइल मैनेजर का उपयोग कर सकते हैं.

अपने फ़ोन को एक संगत USB केबल के ज़रिये कंप्यूटर से कनेक्ट करें. USB कनेक्शन प्रकार सेट करने के लिए, नोटिफिकेशन फलक खोलें और USB नोटिफिकेशन पर टैप करें.

### अपने फ़ोटो और वीडियो साझा करें

आप अपने फ़ोटो और वीडियो तेज़ी व आसानी से साझा करके उन्हें अपने मित्रों और परिवार को दिखा सकते हैं.

1. फोटो, में, उस फोटो पर टैप करें, जिसे आप साझा करना चाहते हैं और ⋖ पर टैप करें।
2. यह चुनें कि आप किस तरह फ़ोटो या वीडियो साझा करना चाहते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 6 इंटरनेट और कनेक्शन

## वाई-फ़ाई सक्रिय करें

वाई-फ़ाई कनेक्शन का उपयोग आमतौर पर मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करने की तुलना में अधिक तेज़ और कम खर्चीला होता है. यदि वाई-फ़ाई और मोबाइल डेटा कनेक्शन दोनों उपलब्ध हों, तो आपका फ़ोन वाई-फ़ाई कनेक्शन का उपयोग करता है.

### वाई-फ़ाई चालू करें

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > वाई-फ़ाई पर टैप करें.
2. वाई-फ़ाई चालू करें.
3. आप जिस कनेक्शन का उपयोग करना चाहते हैं उसे चुनें.

जब स्क्रीन के ऊपर स्थिति स्थिति बार में ▼ दिखाई दे तो समझ लें कि आपका वाई-फ़ाई कनेक्शन सक्रिय है.

**महत्वपूर्ण**: अपने वाई-फ़ाई कनेक्शन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एन्क्रिप्शन का उपयोग करें. एन्क्रिप्शन का उपयोग करने पर दूसरों के द्वारा आपका डेटा एक्सेस करने का जोखिम कम हो जाता है.

**युक्ति:** यदि आप सैटेलाइट सिग्नल उपलब्ध न होने पर स्थान ट्रैक करना चाहते हैं, उदाहरण के लिए, जब आप घर के अंदर या ऊंची-ऊंची इमारतों के बीच हों, तब वाई-फ़ाई चालू करके अपनी स्थिति की सटीकता सुधारें.

[1] नोट: कुछ देशों में वाई-फ़ाई का उपयोग प्रतिबंधित हो सकता है. उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ में आप घर के अंदर सिर्फ़ 5150–5350 MHz के वाई-फ़ाई का उपयोग कर सकते हैं और यूएसए और कनाडा में आप घर के अंदर सिर्फ़ 5.15–5.25 GHz के वाई-फ़ाई का उपयोग कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए, अपने स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें.

महत्वपूर्ण: अपने वाई-फ़ाई कनेक्शन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एन्क्रिप्शन का उपयोग करें. एन्क्रिप्शन का उपयोग करने पर दूसरों के द्वारा आपका डेटा एक्सेस करने का जोखिम कम हो जाता है.

## मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करें

### मोबाइल डेटा कनेक्शन बंद करें

स्क्रीन के ऊपरी हिस्से से नीचे की ओर स्वाइप करें ◢ मोबाइल डेटा पर टैप करें और मोबाइल डेटा को बंद पर स्विच करें.

### मोबाइल डेटा कनेक्शन बंद करें

स्क्रीन के ऊपरी हिस्से से नीचे की ओर स्वाइप करें मोबाइल डेटा पर टैप करें और मोबाइल डेटा को चालू पर स्विच करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### रोमिंग के दौरान मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करें

सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > मोबाइल नेटवर्क पर टैप करें और रोमिंग चालू पर स्विच करें.[1]

**युक्ति:** अपने डेटा उपयोग पर नज़र रखने के लिए, सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > डेटा उपयोग पर टैप करें.

[1] रोमिंग के दौरान इंटरनेट से कनेक्ट करने पर, विशेष रूप से जब आप विदेश में हों, डेटा लागतों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है.

## वेब ब्राउज़ करें

### अपने फ़ोन का उपयोग करके अपने कंप्यूटर को वेब से कनेक्ट करें

आप यात्रा के दौरान बड़ी आसानी से अपने लैपटॉप पर इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं. अपने फ़ोन को वाई-फ़ाई हॉटस्पॉट बनाकर अपने मोबाइल डेटा कनेक्शन का उपयोग करके अपने लैपटॉप या अन्य डिवाइस से इंटरनेट एक्सेस करें.

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > हॉटस्पॉट और टेदरिंग पर टैप करें.
2. वाई-फ़ाई पर अपना मोबाइल डेटा कनेक्शन साझा करने के लिए वाई-फ़ाई हॉटसपॉट को, USB कनेक्शन का उपयोग करने के लिए USB टेदरिंग को या ब्लूटूथ का उपयोग करने के लिए ब्लूटूथ टेदरिंग को चालू करें.

दूसरा डिवाइस आपके डेटा प्लान के डेटा का उपयोग करता है, जिसके लिए आपसे डेटा ट्रैफ़िक शुल्क लिया जा सकता है. उपलब्ध और लागतों की जानकारी के लिए, अपने नेटवर्क सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

### ब्राउज़िंग शुरू करें

कंप्यूटर की कोई ज़रूरत नहीं – आप अपने फ़ोन पर आसानी से इंटरनेट ब्राउज़ कर सकते हैं. ताज़ा समाचार पाएं और अपनी पसंदीदा वेबसाइटों पर जाएं. आप इंटरनेट पर मौजूद वेब पृष्ठ देखने के लिए अपने फ़ोन पर ब्राउज़र का उपयोग कर सकते हैं.

1. Chrome पर टैप करें.
2. वेब पता टाइप करें और → पर टैप करें.

**सुझाव:** यदि आपका नेटवर्क सेवा प्रदाता आपसे डेटा स्थानांतरण के लिए कोई निश्चित शुल्क नहीं लेता है, तो डेटा लागत बचाने के लिए इंटरनेट से कनेक्ट करने के लिए वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करें।

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### एक नया टैब खोलें

जब आप एक ही समय पर अनेक वेबसाइटों पर जाना चाहते हों, तो नए ब्राउज़र टैब खोलकर उनके बीच स्विच कर सकते हैं.

Chrome में,

1. पता बार के बगल में स्थिति बॉक्स पर टैप करें.
2. ⊞ पर टैप करें.

### टैब के बीच स्विच करें

Chrome में,

1. पता बार के बगल में स्थिति बॉक्स पर टैप करें.
2. वांछित टैब पर टैप करें.

### टैब बंद करें

Chrome में,

1. पता बार के बगल में स्थिति बॉक्स पर टैप करें.
2. आप जिस टैब को बंद करना चाहते हैं उसके X पर क्लिक करें.

### वेब खोजें

Google खोज के साथ वेब और बाहरी दुनिया एक्सप्लोर करें. अपने खोज शब्द लिखने के लिए आप कीबोर्ड का उपयोग कर सकते हैं.

Chrome में,

1. खोज बार पर टैप करें.
2. खोज बॉक्स में अपना खोज शब्द लिखें.
3. → पर टैप करें.

आप प्रस्तावित मिलानों से भी कोई खोज शब्द चुन सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### अपने डेटा प्लान का कुशलता से उपयोग करें

यदि आप डेटा उपयोग की लागतों को ले कर चिंतित हैं, तो आपका फ़ोन आपकी मदद के लिए पृष्ठभूमि में चल रहे कुछ ऐप्स को डेटा भेजने या प्राप्त करने से रोक देता है.

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > डेटा उपयोग > डेटा बचतकर्ता पर टैप करें.
2. डेटा बचतकर्ता का स्विच चालू करें.

## कोई कनेक्शन बंद करें

### इंटरनेट कनेक्शन बंद करें

पृष्ठभूमि में खुले इंटरनेट कनेक्शन बंद करके अपनी बैटरी बचाएं. आप बिना किसी ऐप को बंद किए ऐसा कर सकते हैं.

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > वाई-फ़ाई पर टैप करें.
2. वाई-फ़ाई को बंद पर स्विच करें.

### मोबाइल डेटा कनेक्शन बंद करें

स्क्रीन के ऊपरी हिस्से से नीचे की ओर स्वाइप करें ◢ मोबाइल डेटा पर टैप करें और मोबाइल डेटा को बंद पर स्विच करें.

### हवाई जहाज मोड चालू करें

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट पर टैप करें.
2. हवाई जहाज मोड चालू करें.

हवाई जहाज मोड मोबाइल नेटवर्क का कनेक्शन बंद कर देता है और आपके डिवाइस की वायरलेस सुविधाओं को बंद कर देता है. निर्देशों का और दी गई सुरक्षा आवश्यकताओं का उदाहरण के लिए किसी भी एयरलाइन का और लागू कानूनों तथा विनियमों का पालन करें. जहां अनुमति हो, आप किसी Wi-Fi नेटवर्क से कनेक्ट कर सकते हैं, उदाहरण के लिए हवाई जहाज मोड में इंटरनेट ब्राउज़ करना, या ब्लूटूथ साझाकरण चालू करना.

## BLUETOOTH®

आप फ़ोन, कंप्यूटर, हेडसेट और कार किट जैसे अन्य संगत डिवाइस के साथ वायरलेस रूप से कनेक्ट हो सकते हैं. आप अपने फ़ोटो संगत फ़ोन या अपने कंप्यूटर को भी भेज सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### ब्लूटूथ एक्सेसरी से कनेक्ट करें

आप अपना फ़ोन कई उपयोगी ब्लूटूथ डिवाइस से कनेक्ट कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, एक वायरलेस हेडसेट (अलग से ख़रीदा जा सकता है) की सहायता से आप हैंड्स-फ़्री रहकर फ़ोन पर बात कर सकते हैं – आप अपना कोई भी काम जारी रख सकते हैं, जैसे कि कॉल के दौरान अपने कंप्यूटर पर काम करना. फ़ोन को किसी ब्लूटूथ डिवाइस से कनेक्ट करना युग्मन कहलाता है.

1. सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइस > ब्लूटूथ पर टैप करें.
2. ब्लूटूथ का स्विच चालू करें.
3. सुनिश्चित करें कि अन्य डिवाइस भी चालू है. आपको दूसरे डिवाइस से युग्मन की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है. विवरण के लिए, दूसरे डिवाइस के लिए उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.
4. अपने फ़ोन और डिवाइस को युग्मित करने के लिए, खोजे गए ब्लूटूथ डिवाइस की सूची पर वांछित डिवाइस पर टैप करें.
5. आपको एक पासकोड टाइप करना पड़ सकता है. विवरण के लिए, दूसरे डिवाइस के लिए उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.

चूंकि ब्लूटूथ वायरलेस प्रौद्योगिकी वाले डिवाइस संचार के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं, इसलिए उनका प्रत्यक्ष रूप से दृष्टि रेखा में होना ज़रूरी नहीं है. हालांकि, ब्लूटूथ डिवाइस एक दूसरे से 10 मीटर (33 फुट) की दूरी पर होने चाहिए. दीवार जैसी रुकावटों या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस द्वारा पैदा किए जाने वाले व्यवधान के कारण कनेक्शन प्रभावित हो सकता है.

Bluetooth चालू होने पर युग्मित डिवाइस आपके फ़ोन से कनेक्ट हो सकते हैं. अन्य डिवाइस आपके फ़ोन का पता केवल तभी लगा सकेंगे, जब ब्लूटूथ सेटिंग दृश्य खुला हो.

अज्ञात डिवाइस के साथ न तो युग्मित करें न उनके कनेक्शन अनुरोध स्वीकार करें. इससे आपके फ़ोन को हानिकारक सामग्री से सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी.

### युग्मन निकालें

यदि अब आपके पास वह डिवाइस नहीं है, जिसके साथ आपने अपना फ़ोन युग्मित किया था, तो आप वह युग्मन निकाल सकते हैं.

1. सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइस > ब्लूटूथ पर टैप करें.
2. डिवाइस नाम के बगल में स्थित ⚙ पर टैप करें.
3. भूल जाएं पर टैप करें.

### ब्लूटूथ के ज़रिये अपने मित्र के फ़ोन से कनेक्ट करें

आप ब्लूटूथ के ज़रिये अपने मित्र के फ़ोन से वायरलेस रूप से कनेक्ट हो कर फ़ोटो साझा कर सकते हैं और बहुत से अन्य कार्य कर सकते हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

1. सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइस > ब्लूटूथ पर टैप करें.
2. सुनिश्चित करें कि दोनों फ़ोन पर ब्लूटूथ चालू है.
3. सुनिश्चित करें कि फ़ोन एक दूसरे के लिए दृश्यमान हैं. आपका फ़ोन दूसरे फ़ोन के लिए दृश्यमान हो, इसके लिए आपको ब्लूटूथ सेटिंग दृश्य में जाना होगा.
4. आप रेंज में मौजूद ब्लूटूथ फ़ोन देख सकते हैं. उस फ़ोन पर टैप करें, जिससे आप कनेक्ट करना चाहते हैं.
5. यदि दूसरे फ़ोन के लिए पासकोड की ज़रूरत है, तो पासकोड टाइप करें या स्वीकार करें और युग्मित करें पर टैप करें.

पासकोड का उपयोग सिर्फ़ तभी किया जाता है, जब आप पहली बार किसी चीज़ से कनेक्ट करते हैं.

### ब्लूटूथ का उपयोग करके अपनी सामग्री भेजें

जब आपको अपने मित्र के साथ अपनी सामग्री या खींचे गए फ़ोटो साझा करने हों, तो उन्हें संगत डिवाइस पर भेजने के लिए ब्लूटूथ का उपयोग करें.

आप एक बार में एक से अधिक ब्लूटूथ कनेक्शन का उपयोग कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, ब्लूटूथ हेडसेट का उपयोग करते समय, आप अभी भी अन्य डिवाइस को सामग्री भेज सकते हैं.

1. सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइस > ब्लूटूथ पर टैप करें.
2. ब्लूटूथ का स्विच चालू करें.
3. आप जिस सामग्री को भेजना चाहते हैं उस पर जाएं और < > ब्लूटूथ पर टैप करें.
4. आप जिस डिवाइस से कनेक्ट करना चाहते हैं उस पर टैप करें. आप रेंज में मौजूद ब्लूटूथ डिवाइस देख सकते हैं.
5. यदि दूसरे डिवाइस को पासकोड की आवश्यकता है, तो पासकोड टाइप करें. यह पासकोड, जिसे आप खुद तैयार कर सकते हैं, दोनों डिवाइस पर टाइप करना होगा. कुछ डिवाइस का पासकोड निश्चित होता है. विवरण के लिए, दूसरे डिवाइस की उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.

प्राप्त फ़ाइलों का स्थान दूसरे डिवाइस पर निर्भर करता है. विवरण के लिए, दूसरे डिवाइस के लिए उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.

## NFC

अपने आस-पास की दुनिया एक्सप्लोर करें. यदि आपका फ़ोन नियर फ़ील्ड कम्यूनिकेशन (NFC) का समर्थन करता है, तो आप उन्हें कनेक्ट करने के लिए एक्सेसरीज़ से टैप कर सकते हैं और किसी को कॉल करने या कोई वेबसाइट खोलने के लिए टैग पर टैप करें.

### NFC के साथ शुरुआत करें

अपने फ़ोन में NFC सुविधाएं चालू करें और सामग्री साझा करने अथवा डिवाइस से कनेक्ट करने के लिए टैप करना शुरू करें. यह देखने के लिए कि क्या आपका फ़ोन NFC का समर्थन करता है या नहीं, सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइसेस पर टैप करें.

NFC के साथ, आप:

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

- NFC का समर्थन करने वाली संगत ब्लूटूथ एक्सेसरीज़, जैसे कि हेडसेट या वायरलेस से कनेक्ट कर सकते हैं
- अपने फ़ोन के लिए और सामग्री प्राप्त करने या ऑनलाइन सेवाओं को एक्सेस करने के लिए टैग पर टैप कर सकते हैं
- यदि आपके नेटवर्क सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित है, तो अपने फ़ोन से भुगतान कर सकते हैं

NFC क्षेत्र आपके फ़ोन के पीछे होता है. NFC क्षेत्र से अन्य फ़ोन, एक्सेसरीज़, टैग या पाठकों पर टैप करें.

1. सेटिंग > कनेक्टेड डिवाइस > NFC पर टैप करें.
2. NFC का स्विच चालू करें.

NFC का उपयोग करने से पहले, सुनिश्चित करें कि स्क्रीन और कुंजियां अनलॉक हैं.

### NFC टैग पढ़ें

NFC टैग में वेब पता, फ़ोन नंबर या व्यावसायिक कार्ड जैसी जानकारी शामिल हो सकती है. आप अपनी वांछित जानकारी से सिर्फ़ एक टैप दूर हैं.

कोई टैग पढ़ने के लिए, टैग पर अपने फ़ोन के NFC क्षेत्र से टैप करें.

**नोट**: भुगतान और टिकिटिंग ऐप्स और सेवाएँ तृतीय पक्षों द्वारा प्रदान की जाती हैं. HMD Global समर्थन, कार्यक्षमता, ट्रांज़ैक्शन या मौद्रिक क्षति सहित इस प्रकार के किन्हीं भी ऐप्स या सेवाओं के लिए न तो कोई वारंटी देता है और न ही उनकी कोई ज़िम्मेदारी लेता है. आपको अपने डिवाइस की मरम्मत के बाद हो सकता है कि भुगतान या टिकिटिंग ऐप के साथ-साथ उन कार्ड को दोबारा इंस्टॉल करना और सक्रिय करना पड़े, जिन्हें आपने जोड़ा है.

### NFC के ज़रिये किसी ब्लूटूथ एक्सेसरी से कनेक्ट करें

क्या आपके हाथ व्यस्त हैं? हेडसेट का उपयोग करें. या क्यों न वायरलेस स्पीकर का उपयोग करके संगीत सुना जाए? आपको बस अपने फ़ोन से संगत एक्सेसरी पर टैप करना होगा.

1. एक्सेसरी के NFC क्षेत्र पर अपने फ़ोन के NFC क्षेत्र से टैप करें.*
2. स्क्रीन पर दिखाए जाने वाले निर्देशों का पालन करें.

*एक्सेसरीज़ अलग से ख़रीदी जा सकती हैं. एक्सेसरीज़ की उपलब्ध क्षेत्र-दर-क्षेत्र अलग-अलग हो सकती है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### कनेक्ट की गई एक्सेसरी डिस्कनेक्ट करें

यदि अब आपको एक्सेसरी से कनेक्ट रहने की ज़रूरत नहीं है, तो आप एक्सेसरी को डिस्कनेक्ट कर सकते हैं.

एक्सेसरी के NFC क्षेत्र पर दोबारा टैप करें.

अधिक जानकारी के लिए, एक्सेसरी की उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका देखें.

## VPN

अपनी कंपनी के संसाधन, जैसे कि इंट्रानेट या कॉर्पोरेट मेल एक्सेस करने के लिए आपको एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) कनेक्शन की ज़रूरत हो सकती है, या फिर आप व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए किसी VPN सेवा का उपयोग कर सकते हैं.

अपने VPN कॉन्फ़िगरेशन के विवरण हेतु अपनी कंपनी के IT व्यवस्थापक से संपर्क करें या अतिरिक्त जानकारी के लिए अपनी VPN सेवा की वेबसाइट पर नज़र डालें.

### एक सुरक्षित VPN कनेक्शन का उपयोग करें

1. सेटिंग > नेटवर्क और इंटरनेट > VPN पर टैप करें.
2. एक VPN प्रोफ़ाइल जोड़ने के लिए, + पर टैप करें.
3. अपनी कंपनी के IT व्यवस्थापक या VPN सेवा के निर्देशानुसार अपनी प्रोफ़ाइल जानकारी टाइप करें.

### VPN प्रोफ़ाइल संपादित करें

1. प्रोफ़ाइल नाम के बगल में स्थित ✿ पर टैप करें.
2. जानकारी को आवश्यकतानुसार बदलें.

### VPN प्रोफ़ाइल हटाएं

1. प्रोफ़ाइल नाम के बगल में स्थित ✿ पर टैप करें.
2. VPN भूल गए पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 7 संगीत और वीडियो

## संगीत

कहीं भी रहते हुए अपना पसंदीदा संगीत सुनें.

### संगीत चलाएं

अपने फ़ोन पर संगीत ऐप का उपयोग करें.

1. संगीत पर टैप करें.
2. उस कलाकार, एल्बम, गीत या प्लेलिस्ट पर टैप करें, जिसे आप चलाना चाहते हैं.
3. प्लेबैक रोकने या जारी रखने के लिए, ⏸ पर टैप करके रोकें ▶ पर टैप करके जारी रखें.

### अपने फ़ोन में गीत जोड़ें

यदि आपके कंप्यूटर पर संगीत या वीडियो संग्रहित हैं, लेकिन आप उन्हें अपने फ़ोन पर पाना चाहते हैं, तो अपने फ़ोन और कंप्यूटर के बीच मीडिया सिंक करने के लिए एक USB केबल का उपयोग करें.

1. अपने फ़ोन को एक USB केबल के ज़रिये किसी संगत कंप्यूटर से कनेक्ट करें.
2. अपने कंप्यूटर के फ़ाइल प्रबंधक में, अपने गानों और वीडियो को खींचकर अपने फ़ोन में छोड़ दें.

## वीडियो

आप अपनी यात्रा पर अपना पसंदीदा मीडिया भी साथ ले जाएं – कहीं पर भी वीडियो देखें.

### वीडियो चलाएं

फ़ोटो पर टैप करें और जिस वीडियो को चलाना चाहते हैं, उस पर टैप करें.

**युक्ति:** प्लेबैक रोकने के लिए ⏸ पर टैप करें. जारी रखने के लिए, ▶ पर टैप करें.

### वीडियो को फ़ास्ट फ़ॉरवर्ड या रिवाइंड करें

वीडियो को फ़ास्ट फ़ॉरवर्ड या रिवाइंड करने के लिए, स्क्रीन के निचले हिस्से में स्थित स्लाइडर को दाएं या बाएं खींचें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# FM रेडियो

## FM रेडियो सुनें

यात्रा के दौरान अपने पसंदीदा रेडियो स्टेशन का आनंद लें.

1. रेडियो सुनने के लिए, आपको अपने फ़ोन से एक संगत हेडसेट कनेक्ट करना होगा. हैडसेट एंटीना का काम करता है.[1]
2. हैडसेट कनेक्ट करने के बाद, FM रेडियो पर टैप करें.
3. रेडियो को चालू या बंद करने के लिए, ⏻ पर टैप करें.

**समस्या निवारण युक्ति:** अगर रेडियो काम न कर रहा हो तो सुनिश्चित करें कि हेडसेट ठीक से कनेक्ट किया गया है.

## अगले या पिछले स्टेशन पर जाएं

⏩ या ⏪ पर टैप करें.

## कोई रेडियो स्टेशन सहेजें

क्या आप किसी रेडियो स्टेशन को बाद में सुनना चाहते हैं? स्टेशन सहेजें.

आप जिस स्टेशन को सुन रहे हैं उसे सहेजने के लिए, ☆ पर टैप करें.

## अपने सहेजे गए स्टेशनों की सूची देखें

⌄ > पसंदीदा सूची पर टैप करें.

## किसी स्टेशन को पसंदीदा सूची से निकालें

कोई स्टेशन सुनते हुए ☆ पर टैप करें.

**युक्ति:** फ़ोन स्पीकर का उपयोग करते हुए किसी रेडियो स्टेशन को सुनने के लिए, ⋮ स्पीकर चालू पर टैप करें. हेडसेट को कनेक्ट रखें.

[1] हेडसेट अलग से ख़रीदा जा सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 8 अपना दिन व्यवस्थित करें

## कैलेंडर

समय का हिसाब रखें – अपने अपॉइंटमेंट, कार्य और शेड्यूल अपडेट रखने का तरीका जानें.

### कैलेंडर प्रबंधित करें

कैलेंडर > ≡ टैप करें और फिर चुनें कि आप किस प्रकार का कैलेंडर देखना चाहते हैं.

जब भी आप अपने फ़ोन में कोई खाता जोड़ते हैं, तो कैलेंडर स्वचालित रूप से जुड़ जाते हैं. कैलेंडर के साथ एक नया खाता जोड़ने के लिए, ऐप मेनू पर जाएँ और सेटिंग > उपयोगकर्ता और खाते > खाता जोड़ें टैप करें.

### एक ईवेंट जोड़ें

कोई अपॉइंटमेंट या ईवेंट याद रखने के लिए, उसे अपने कैलेंडर में जोड़ें.

1. कैलेंडर में, + पर टैप करें और एक प्रविष्टि प्रकार चुनें.
2. वांछित विवरण टाइप करें और समय सेट करें.
3. ईवेंट को कुछ ख़ास दिनों पर दोहराने के लिए, अधिक विकल्प > नहीं दोहराया जाता पर टैप करें और यह चुनें कि ईवेंट कितनी बार दोहराया जाएगा.
4. रिमाइंडर समय संपादित करने के लिए, रिमाइंडर समय पर टैप करें और उस समय का चयन करें जो आप चाहते हैं.

**सुझाव:** कोई ईवेंट संपादित करने के लिए, ईवेंट और ✎ पर टैप करके विवरण संपादित करें.

### कोई अपॉइंटमेंट हटाएं

1. ईवेंट पर टैप करें.
2. ⋮ > हटाएं पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 9 मानचित्र

## स्थान ढूंढें और दिशानिर्देश प्राप्त करें

### कोई स्थान ढूंढें

Google मानचित्र की मदद से विशिष्ट स्थान और व्यवसाय ढूंढें.

1. मानचित्र पर टैप करें.
2. खोज बार में खोज शब्द, जैसे कि सड़क का पता या स्थान का नाम लिखें.
3. लिखते समय प्रस्तावित मिलानों की सूची से एक आइटम चुनें या खोजने के लिए 🔍 पर टैप करें.

स्थान मानचित्र पर दिखाया जाता है. यदि खोज का कोई परिणाम नहीं मिलता, तो सुनिश्चित करने की आपके खोज शब्दों की वर्तनी सही है.

### अपना मौजूदा स्थान देखें

मानचित्र > ⊙ पर टैप करें.

### किसी स्थान तक जाने के दिशानिर्देश प्राप्त करें

पैदल यात्रा, ड्राइविंग या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के दिशानिर्देश प्राप्त करें – अपने मौजूदा स्थान या किसी अन्य स्थान का उपयोग आरंभ बिंदु के रूप में करें.

1. मानचित्र पर टैप करें और खोज पट्टी में अपना गंतव्य दर्ज करें.
2. दिशाएं टैप करें. हाइलाइट किए गए आइकन परिवहन का माध्यम दर्शाता है, उदाहरण के लिए 🚗. माध्यम बदलने के लिए, खोज पट्टी के अंतर्गत नया माध्यम चुनें.
3. यदि आप अपने मौजूदा स्थान को प्रारंभ बिंदु नहीं बनाना चाहते, तो अपने स्थान पर टैप करके एक नए प्रारंभ बिंदु की खोज करें.
4. नेविगेशन प्रारंभ करने के लिए प्रारंभ करें पर टैप करें.

मार्ग मानचित्र पर दिखाया जाता है और साथ ही इसका अनुमान भी दिखाया जाता है कि वहां तक पहुंचने में कितना समय लगेगा. विस्तृत दिशानिर्देश देखने के लिए, स्क्रीन के निचले हिस्से से ऊपर की ओर स्वाइप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित.

# मानचित्र डाउनलोड और अपडेट करें

## मानचित्र डाउनलोड करें

यात्रा के पहले अपने फ़ोन पर मानचित्र सहेजें, ताकि आप यात्रा के दौरान बिना इंटरनेट कनेक्शन के मानचित्र ब्राउज़ कर सकें.

1. मानचित्र > ≡ > ऑफलाइन मैप्स > अपना स्वयं का मैप चुनें पर टैप करें.
2. मानचित्र पर मौजूद क्षेत्र चुनकर डाउनलोड करें पर टैप करें.

## कोई मौजूदा मानचित्र अपडेट करें

1. मानचित्र > ≡ > ऑफ़लाइन मैप्स और मानचित्र के नाम पर टैप करें.
2. अपडेट करें पर टैप करें.

**युक्ति:** आप अपने फ़ोन को इस भी तरह सेट कर सकते हैं कि वह स्वचालित रूप से मैप अपडेट करे. मानचित्र > ≡ > ऑफ़लाइन मैप्स > ⚙ पर टैप करें और ऑफ़लाइन मैप्स स्वचालित रूप से अपडेट करें पर, और ऑफ़लाइन मैप्स स्वचालित रूप से डाउनलोड करें को चालू पर स्विच करें.

## कोई मानचित्र हटाएं

1. मानचित्र > ≡ > ऑफ़लाइन मैप्स और मानचित्र के नाम पर टैप करें.
2. हटाएं पर टैप करें.

# स्थान सेवाओं का उपयोग करें

मानचित्र का उपयोग करके पता लगाएं कि आप कहां पर हैं और अपना स्थान आपके द्वारा खींचे जाने वाले फ़ोटो में अनुलग्न करें. अगर सैटेलाइट या नेटवर्क तकनीक के ज़रिये आपके स्थान का पता लगाया जा सकता है, तो फ़ोटो या वीडियो के साथ स्थान जानकारी संलग्न की जा सकती है. अगर आप कोई ऐसा फ़ोटो या वीडियो साझा करते हैं, जिसमें स्थान जानकारी समाहित है, तो उस फ़ोटो या वीडियो देखने वाले लोगों को वह स्थान जानकारी दिखाई जा सकती है. कुछ ऐप्स आपको सेवाओं की अपेक्षाकृत विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए आपकी स्थान जानकारी का उपयोग कर सकते हैं.

## स्थान सेवाएं चालू करें

आपका फ़ोन एक सैटेलाइट पोज़िशनिंग सिस्टम, वाई-फ़ाई या नेटवर्क (सेल ID) आधारित पोज़िशनिंग का उपयोग करके मानचित्र पर आपका स्थान दिखाता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

स्थान जानकारी की उपलब्धता, सटीकता और पूर्णता उदाहरण के लिए आपके स्थान, आपके आस-पास के स्थान और तृतीय पक्ष स्रोतों पर निर्भर करती है और सीमित भी हो सकती है. उदाहरण के लिए, हो सकता है इमारतों या भूमिगत क्षेत्रों में स्थान जानकारी उपलब्ध न हो. स्थिति निर्धारण विधियों से संबंधित गोपनीयता जानकारी के लिए, http://www.hmd.com/privacy पर उपलब्ध HMD Global गोपनीयता नीति देखें.

कुछ सैटेलाइट पोज़िशनिंग सिस्टम्स को मोबाइल नेटवर्क के ज़रिये अल्प मात्रा में डेटा ट्रांसफ़र करने की ज़रूरत हो सकती है. यदि आप डेटा लागतों से बचना चाहते हैं, उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान, तो आप अपनी फ़ोन सेटिंग में जा कर मोबाइल डेटा कनेक्शन बंद कर सकते हैं.

सैटेलाइट सिग्नल उपलब्ध न होने के पर वाई-फ़ाई पोज़िशनिंग सटीकता बढ़ाती है, ख़ासतौर पर जब आप घर के अंदर या फिर ऊंची-ऊंची इमारतों की बीच हों. यदि आप किसी ऐसे स्थान में हैं, जहां वाई-फ़ाई के उपयोग पर पाबंदी है, तो आप अपनी फ़ोन सेटिंग में जा कर वाई-फ़ाई बंद कर सकते हैं.

सेटिंग > सुरक्षा और स्थान पर टैप करें और स्थान के स्विच को चालू करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 10 ऐप्स और सेवाएं

## GOOGLE PLAY

Google Play के साथ आप अपने Android फ़ोन की पूरी क्षमता का दोहन कर सकते हैं – क्योंकि यहां आपके मनोरंजन के लिए ऐप्स, संगीत, फ़िल्में और पुस्तकें हमेशा उपलब्ध होती हैं. आपके पास सिर्फ़ एक Google खाता होना चाहिए.

### अपने फ़ोन पर Google खाता जोड़ें

1. सेटिंग > उपयोगकर्ता और खाते > खाता जोड़ें > Google पर टैप करें. यदि आपसे कहा जाए, तो अपनी डिवाइस लॉक पद्धति की पुष्टि करें.
2. अपने Google खाते के क्रेडेंशियल टाइप करें और अगला टैप करें, या नया खाता बनाने के लिए खाता बनाएं पर टैप करें.
3. अपने फ़ोन पर दिखाए जाने वाले निर्देशों का पालन करें.

### ऐप्स डाउनलोड करें

अपने फ़ोन की क्षमता को पहचानें – Google Play स्टोर पर आपके लिए ऐसे हज़ारों ऐप्स मौजूद हैं, जो इस मामले में आपकी मदद कर सकते हैं.[1]

1. Play स्टोर पर टैप करें.
2. ऐप्स ढूंढने के लिए खोज बार पर टैप करें या अपनी अनुशंसाओं से ऐप्स चुनें.
3. ऐप वर्णन में, ऐप को डाउनलोड और इंस्टॉल करने के लिए इंस्टॉल करें पर क्लिक करें.

अपने ऐप देखने के लिए, होम स्क्रीन पर जाएँ और स्क्रीन के निचले हिस्से से ऊपर की ओर स्वाइप करें.

### ऐप्स अपडेट करें

सभी नवीनतम सुविधाएं और बग समाधान प्राप्त करने के लिए अपना Play स्टोर अपडेट करें.

1. उपलब्ध अपडेट में Play स्टोर > ≡ > मेरे ऐप्स और गेम्स पर टैप करें.
2. उस ऐप पर टैप करें, जिसका अपडेट उपलब्ध है और अपडेट करें.

आप सभी ऐप्स को एक बार में अपडेट भी कर सकते हैं. मेरे ऐप्स और गेम्स में, सभी को अपडेट करें पर टैप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### डाउनलोड किए गए ऐप्स निकालें

Play स्टोर > ≡ > मेरे ऐप्स और गेम्स पर टैप करें, वह ऐप चुनें, जिसे आप निकालना चाहते हैं और अनइंस्टॉल करें पर टैप करें.

### Google Play से संगीत, फ़िल्में या पुस्तकें प्राप्त करें

Google Play के ज़रिए आप गानों, मूवी और पुस्तकों को एक्सेस कर सकते हैं.

अधिक जानने के लिए संगीत, मूवीज़ या पुस्तकें पर क्लिक करें.

[1] Google Play सेवाओं का उपयोग करने के लिए आपके फ़ोन पर एक Google खाता जोड़ना ज़रूरी है. शुल्क Google Play में उपलब्ध कुछ सामग्री पर लगाए जा सकते हैं. भुगतान पद्धति जोड़ने के लिए, Play स्टोर > मेनू > खाता > भुगतान पद्धतियां पर टैप करें. Google Play से सामग्री ख़रीदते समय भुगतान पद्धति के स्वामी की अनुमति लेना न भूलें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 11 सॉफ्टवेयर अपडेट और बैकअप

## अपना फ़ोन सॉफ्टवेयर अपडेट करें

ताज़ा रुझानों से अवगत रहें – अपने फ़ोन के लिए नए और एनहांस्ड सुविधाएं प्राप्त करने के लिए अपने फ़ोन सॉफ्टवेयर और ऐप्स को वायरलेस के ज़रिये अपडेट करें. सॉफ्टवेयर अपडेट करने से फ़ोन के प्रदर्शन में भी सुधार आ सकता है.

### उपलब्ध अपडेट इंस्टॉल करें

अपडेट उपलब्ध हैं या नहीं यह देखने के लिए सेटिंग > सिस्टम > सिस्टम अपडेट > अपडेट की जांच करें पर टैप करें.

जब आपका फ़ोन आपको किसी अपडेट के उपलब्ध होने की सूचना दे, तो अपने फ़ोन पर दिखाए जाने वाले निर्देशों का पालन करें. यदि आपकी फ़ोन मेमोरी कम हो गई है, तो आपको अपने ऐप्स, फ़ोटो या अन्य सामग्री मेमोरी कार्ड पर ले जानी होगी.

**चेतावनी:** यदि आप सॉफ्टवेयर अपडेट इंस्टॉल करते हैं, तो अपने डिवाइस से आपातकालीन कॉल भी नहीं कर सकेंगे. आपको इंस्टॉलेशन पूरा होने और डिवाइस के फिर से चालू होने तक प्रतीक्षा करनी होगी.

अपडेट शुरू करने से पहले, चार्जर कनेक्ट कर लें या सुनिश्चित कर लें कि डिवाइस की बैटरी में पर्याप्त पावर है और फिर वाई-फ़ाई से कनेक्ट करें, क्योंकि अपडेट पैकेज आपका बहुत सारा मोबाइल डेटा खर्च कर सकते हैं.

## अपने डेटा का बैक अप लें

अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने फ़ोन में बैकअप सुविधा का उपयोग करें. आपका डिवाइस डेटा (जैसे वाई-फ़ाई पासवर्ड और कॉल इतिहास) और ऐप डेटा (जैसे कि सेटिंग और ऐप्स द्वारा संग्रहित फ़ाइलें) का बैक अप दूरस्थ रूप से लिया जाएगा.

### स्वचालित बैकअप चालू करें

सेटिंग > सिस्टम > बैकअप पर टैप करें और बैकअप का स्विच चालू कर दें.

## मूल सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें और अपने फ़ोन से निजी सामग्री हटाएं

दुर्घटनाएं हो सकती हैं – यदि आपका फ़ोन ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो आप उसकी सेटिंग पुनर्स्थापित कर सकते हैं. या, यदि आप एक नया फ़ोन ख़रीदते हैं या अपने फ़ोन का अब और इस्तेमाल नहीं करना चाहते या उसे रीसाइकिल करना चाहते हैं, तो यहां बताया गया है कि ऐसा करने से पहले आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी और सामग्री कैसे हटा सकते हैं. याद रखें कि सभी निजी सामग्री हटाना आपकी ज़िम्मेदारी है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### अपना फ़ोन रीसेट करें

1. सेटिंग > सिस्टम > रीसेट के विकल्प > सभी डेटा मिटाएँ (फ़ैक्टरी रीसेट) पर टैप करें.
2. आपके फ़ोन पर दिखाए जाने वाले निर्देशों का पालन करें.

## मेमोरी

यह जाँचने के लिए कि आपके पास कितनी मेमोरी उपलब्ध है, सेटिंग > मेमोरी पर टैप करें.

### अपने फ़ोन पर उपलब्ध मेमोरी की जांच करें

यदि फ़ोन की मेमोरी भरने वाली है, तो पहले उन चीज़ों पर गौर करें, जिनकी अब आपको ज़रूरत नहीं है और उन्हें निकाल दें:

- लेख संदेश, मल्टीमीडिया और मेल संदेश
- संपर्क प्रविष्टियां और विवरण
- ऐप्स
- संगीत, फ़ोटो या वीडियो

निकालने के बजाय, आप फ़ाइलों को मेमोरी कार्ड पर भी स्थानांतरित कर सकते हैं.

आपके मेमोरी कार्ड की गुणवत्ता आपके फ़ोन के प्रदर्शन पर व्यापक प्रभाव डाल सकती है. अपने फ़ोन का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए, किसी जाने-माने निर्माता द्वारा निर्मित फ़ास्ट 4–128GB कार्ड का उपयोग करें.

केवल इस डिवाइस के लिए स्वीकृत और उपयुक्त मेमोरी कार्ड का उपयोग करें. असंगत कार्ड्स के कारण कार्ड और डिवाइस को नुकसान पहुंच सकता है और कार्ड में संग्रहित डेटा दूषित हो सकता है.

यह देखने के लिए कि आपके पास कितनी मेमोरी उपलब्ध है और उसका किस तरह उपयोग हो रहा है, सेटिंग > संग्रहण पर टैप करें.

### ऐप्स को किसी मेमोरी कार्ड पर ले जाएं

मेमोरी कार्ड का उपयोग करके आप अपने फ़ोन की मेमोरी बढ़ा सकते हैं.[1]

1. सेटिंग > ऐप और नोटिफ़िकेशन > ऐप की जानकारी पर टैप करें.
2. ऐप नाम पर टैप करें और मेमोरी पर टैप करें.
3. प्रयुक्त स्थान के अंतर्गत, बदलें पर टैप करें और उस ऐप के लिए मेमोरी चुनें.

आप बाद में ऐप्स को मेमोरी कार्ड से अपने फ़ोन पर वापस ले जा सकते हैं.

इस तरह का मेमोरी कार्ड बड़े आकार की फ़ाइलों को कार्ड पर ले जाने में लगने वाले समय को प्रभावित कर सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

### डाउनलोड किए गए ऐप्स निकालें

Play स्टोर > ≡ > मेरे ऐप्स और गेम्स पर टैप करें, वह ऐप चुनें, जिसे आप निकालना चाहते हैं और अनइंस्टॉल करें पर टैप करें.

### कोई ऐप अक्षम करें

आप कुछ ऐसे ऐप को हटा नहीं सकते हैं, जो आपके डिवाइस पर पहले से इंस्टॉल किए गए थे. लेकिन आप उन्हें अक्षम कर सकते हैं और उन्हें आपके डिवाइस पर मौजूद ऐप्स की सूची से छिपा दिया जाएगा. अगर आप किसी ऐप को अक्षम कर देते हैं, तो आप उसे अपने डिवाइस पर वापस जोड़ सकते हैं.

1. सेटिंग > ऐप और नोटिफिकेशन पर टैप करें.
2. ऐप की जानकारी पर टैप करें.
3. ऐप के नाम पर टैप करें.
4. अक्षम करें पर टैप करें. हो सकता है आप सभी ऐप्स अक्षम न कर सकें.

यदि इंस्टॉल किया कोई ऐप किसी निकाले जा चुके ऐप पर निर्भर है, तो इंस्टॉल किया गया ऐप काम करना बंद कर सकता है. विवरण के लिए, इंस्टॉल किए गए ऐप का उपयोगकर्ता दस्तावेज़ देखें.

### अक्षम ऐप वापस जोड़ें

आप अक्षम किए गए किसी ऐप को ऐप्स की सूची में वापस जोड़ सकते हैं.

1. सेटिंग > ऐप और नोटिफिकेशन पर टैप करें.
2. ऐप की जानकारी पर टैप करें.
3. सभी ऐप्स > अक्षम किए गए ऐप पर टैप करें.
4. ऐप के नाम पर टैप करें.
5. सक्षम करें टैप करें.

### अपने फ़ोन और कंप्यूटर के बीच सामग्री कॉपी करें

आप अपने फ़ोटो, वीडियो और अन्य सामग्री दिखाने या संग्रहित करने के लिए उन्हें अपने फ़ोन और कंप्यूटर के बीच कॉपी कर सकते हैं.

1. अपने फ़ोन को एक संगत USB केबल के ज़रिये किसी संगत कंप्यूटर से कनेक्ट करें.
2. अपने कंप्यूटर पर, फ़ाइल प्रबंधक खोलें और ब्राउज़ करते हुए अपने फ़ोन पर जाएँ.
3. अपने फ़ोन के आइटम खींचकर कंप्यूटर पर ले जाएं, या कंप्यूटर से आइटम खींचकर फ़ोन पर ले आएं.

फ़ाइलों को अपने फ़ोन पर सही फ़ोल्डर्स में रखना न भूलें, नहीं तो आप उन्हें नहीं देख सकेंगे.

[1] मेमोरी कार्ड अलग से ख़रीदा जा सकता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 12 अपना फ़ोन सुरक्षित रखें

## अपने फ़ोन को अपने फ़िंगरप्रिंट से सुरक्षित करें

आप अपने फ़ोन को सिर्फ़ अपनी उंगली से छू कर खोल सकते हैं. अतिरिक्त सुरक्षा के लिए अपनी फ़िंगरप्रिंट ID सेट करें.

### अंगुली की छाप जोड़ें

1. सेटिंग > सुरक्षा और स्थान > अंगुली की छाप टैप करें. यदि आपके फ़ोन पर स्क्रीन लॉक सेट नहीं किया गया है, तो स्क्रीन लॉक टैप करें.
2. वह बैकअप अनलॉकिंग विधि चुनें, जिसका उपयोग आप लॉक स्क्रीन के लिए करना चाहते हैं और अपने फ़ोन पर दिखाए गए निर्देशों का पालन करें.

### अपने फ़ोन को अपनी उंगली से अनलॉक करें

अपनी पंजीकृत उंगली सेंसर पर रखें.

यदि कोई अंगुली की छाप सेंसर त्रुटि है, और आप फ़ोन को किसी भी तरह रिकवर या रीसेट करने के लिए वैकल्पिक साइन-इन विधियों का उपयोग नहीं कर सकते हैं, तो आपके फ़ोन को अधिकृत कर्मियों द्वारा सर्विस कराने की आवश्यकता होगी. अतिरिक्त शुल्क लागू हो सकते हैं और आपके फ़ोन पर मौजूद समस्त व्यक्तिगत डेटा हटाया जा सकता है. अधिक जानकारी के लिए, अपने फ़ोन के निकटतम सेवा केंद्र या अपने फ़ोन डीलर से संपर्क करें.

## अपने SIM का पिन कोड बदलें

यदि आपके SIM कार्ड में पहले से ही एक डिफ़ॉल्ट SIM पिन कोड था, तो आप उसे और भी सुरक्षित पिन कोड से बदल सकते हैं. ज़रूरी नहीं कि सभी नेटवर्क सेवा प्रदाता इसका समर्थन करें.

### अपना SIM पिन चुनें

आप चुन सकते हैं कि सिम पिन के लिए किन संख्याओं का उपयोग किया जाए. SIM पिन कोड में 4-8 संख्याएं होनी चाहिए.

1. सेटिंग > सुरक्षा और स्थान > सिम कार्ड लॉक सेट करें पर टैप करें.
2. चयनित SIM कार्ड के अंतर्गत, SIM पिन बदलें पर टैप करें.

**युक्ति:** यदि आप अपने सिम को पिन कोड से सुरक्षित नहीं करना चाहते, तो सिम कार्ड लॉक सेट करें में, SIM कार्ड लॉक करें वाला स्विच बंद कर दें और फिर अपना मौजूदा पिन टाइप करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

## एक्सेस कोड

जानें कि आपके फ़ोन पर मौजूद अलग-अलग कोड किस काम आते हैं.

### पिन या पिन2 कोड

पिन या पिन2 कोड में 4-8 अंक होते हैं.

ये कोड आपके SIM कार्ड की अनधिकृत उपयोग से सुरक्षा करते हैं और कुछ सुविधाएं एक्सेस करने के लिए आवश्यक होते हैं. आप अपने फ़ोन के चालू होने पर उसे पिन कोड मांगने के लिए सेट कर सकते हैं.

यदि आप कोड भूल जाते हैं या वे आपके कार्ड के साथ प्रदान नहीं किए गए हैं, तो अपने नेटवर्क सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

यदि आप लगातार 3 बार गलत कोड डालते हैं, तो आपको PUK या PUK2 कोड का उपयोग करके कोड अनब्लॉक करना होगा.

### PUK या PUK2 कोड

PUK या PUK2 कोड की ज़रूरत पिन या पिन2 कोड को अनब्लॉक करने के लिए पड़ती है.

यदि आपके SIM कार्ड के साथ कोड प्रदान नहीं किए गए हैं, तो अपने नेटवर्क सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

### लॉक कोड

लॉक कोड को सुरक्षा कोड या पासवर्ड भी कहा जाता है.

लॉक कोड आपके फ़ोन की अनधिकृत उपयोग से सुरक्षा करने में आपकी मदद करता है. आप अपने फ़ोन को आपके द्वारा निर्धारित किया गया लॉक कोड मांगने के लिए भी सेट कर सकते हैं. कोड को अपने फ़ोन से अलग किसी गोपनीय और सुरक्षित स्थान में रखें.

यदि आप कोड भूल जाते हैं और आपका फ़ोन लॉक हो जाता है, तो आपके फ़ोन को सेवा केंद्र ले जाना पड़ेगा. अतिरिक्त शुल्क लागू हो सकते हैं और आपके फ़ोन पर मौजूद समस्त व्यक्तिगत डेटा हटाया जा सकता है. अधिक जानकारी के लिए, अपने फ़ोन के लिए नज़दीकी अधिकृत सेवा सुविधा या अपने फ़ोन के डीलर से संपर्क करें.

### IMEI कोड

IMEI कोड का उपयोग नेटवर्क में मौजूद फ़ोन की पहचान के लिए किया जाता है. हो सकता है कि आपको अपने अधिकृत सेवा सुविधा सेवाओं या फ़ोन डीलर को नंबर देना पड़े.

अपना IMEI नंबर देखने के लिए *#06# डायल करें.

आपके फ़ोन के मॉडल के अनुसार आपके फ़ोन का IMEI कोड आपके फ़ोन पर या आपकी SIM ट्रे पर मुद्रित होता है. अगर आपके फ़ोन में निकालने योग्य पिछला कवर है, तो आपको IMEI कोड कवर के नीचे मिल सकता है.

IMEI मूल विक्रय बॉक्स पर भी दिखाई देता है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

**अपने फ़ोन का पता लगाएं या उसे लॉक करें**

अगर आपका फ़ोन खो जाता हैं तो आप उसे दूरस्थ रूप से खोज सकते हैं, लॉक कर सकते हैं या मिटा सकते हैं, अगर आपने Google खाते में साइन इन किया है. Google खाते से संबद्ध फ़ोन के लिए मेरा डिवाइस खोजें डिफ़ॉल्ट रूप से चालू होता है.

मेरा डिवाइस खोजें का उपयोग करने के लिए आपका गुम हुआ फ़ोन यह होना चाहिए:

- चालू किया गया
- Google खाते में साइन इन किया गया
- मोबाइल डेटा या वाई-फाई से कनेक्टेड
- Google Play पर दृश्यमान है
- स्थान चालू किया गया
- मेरा डिवाइस खोजें चालू किया गया

जब मेरा डिवाइस खोजें आपके फ़ोन के साथ कनेक्ट होता है, तो आपको फ़ोन का स्थान दिखाई देता है और फ़ोन पर सूचना प्राप्त होती है.

1. इंटरनेट से कनेक्ट किसी कंप्यूटर/टैबलेट या फ़ोन पर android.com/find खोलें और अपने Google खाते में साइन इन करें.
2. अगर आपके पास एक से अधिक फ़ोन हैं, तो स्क्रीन के ऊपरी भाग में गुम हुए फ़ोन पर क्लिक करें.
3. मानचित्र पर, यह देखें कि फ़ोन कहां है. स्थान अनुमानित होता है और हो सकता है कि यह सटीक न हो.

अगर आपका डिवाइस नहीं मिल सकता है, तो मेरा डिवाइस खोजें उपलब्ध होने पर इसका अंतिम ज्ञात स्थान दिखाएगा. अपने फ़ोन को लॉक करने या मिटाने के लिए, वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों का पालन करें.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

# 13 उत्पाद और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

## कॉपीराइट और नोटिस

### कॉपीराइट और अन्य नोटिस

क्षेत्र के अनुसार उत्पादों, सुविधाओं, ऐप्स और सेवाओं की उपलब्धता में फ़र्क हो सकता है. अधिक जानकारी के लिए, अपने डीलर या अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें. इस डिवाइस में ऐसी वस्तुएं, प्रौद्योगिकी या सॉफ़्टवेयर समाहित हो सकते हैं, जो यूएस तथा अन्य देशों के निर्यात कानून और विनियमों के अधीन हो सकते हैं. कानून के विरुद्ध विचलन पर प्रतिबंध है.

इस दस्तावेज़ की सामग्री "यथारूप" प्रदान की गई है. जब तक लागू कानून द्वारा आवश्यक न हो, इस दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या सामग्री के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी वॉरंटी, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, नहीं दी जाती, जिसमें वाणिज्यिकता और किसी ख़ास प्रयोजन के लिए उपयुक्तता से संबंधित निहित वॉरंटियां भी शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है. HMD Global इस दस्तावेज़ में संशोधन करने और बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, किसी भी परिस्थिति में HMD Global या उसका कोई लाइसेंसकर्ता किसी भी कारण से होने वाले डेटा या आय की हानि या विशिष्ट, आकस्मिक, परिणामी या अप्रत्यक्ष हानियों के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे.

HMD Global की पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस दस्तावेज़ के किसी भी हिस्से या इसकी संपूर्ण सामग्री के पुनर्उत्पादन, हस्तांतरण या वितरण पर प्रतिबंध है. HMD Global निरंतर विकास की नीति पर काम करता है. HMD Global बिना किसी पूर्व सूचना के इस दस्तावेज़ में वर्णित किसी भी उत्पाद में परिवर्तन और सुधार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

HMD Global आपके डिवाइस के साथ प्रदान किए गए तृतीय-पक्ष ऐप्स की कार्यात्मकता, सामग्री या अंतिम-उपयोगकर्ता समर्थन का न तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, न कोई वॉरंटी प्रदान करता और न ही इनकी ज़िम्मेदारी लेता है. इस ऐप का उपयोग करके, आप स्वीकार करते हैं कि ऐप यथारूप प्रदान किया गया है.

मानचित्र, गेम्स, संगीत और वीडियो डाउनलोड करने और छवियां व वीडियो अपलोड करने में डेटा की बड़ी मात्रा खर्च हो सकती है. आपका सेवा प्रदाता आपसे डेटा ट्रांसमिशन का शुल्क ले सकता है. विशिष्ट उत्पादों, सेवाओं और सुविधाओं की उपलब्धता क्षेत्र-दर-क्षेत्र अलग-अलग हो सकती है. अतिरिक्त विवरण और भाषा विकल्पों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने स्थानीय डीलर से संपर्क करें.

कुछ सुविधाएं, कार्यात्मकता और उत्पाद विवरण नेटवर्क आधारित हो सकते हैं और उन पर अतिरिक्त नियम, शर्तें और शुल्क लागू हो सकते हैं.

इन सभी में बिना किसी सूचना के परिवर्तन हो सकता है.

HMD Global Oy फ़ोन और टैबलेट के Nokia ब्रांड का एकमात्र लाइसेंसधारक है. Nokia, Nokia Corporation का पंजीकृत ट्रेडमार्क है.

http://www.hmd.com/privacy पर उपलब्ध HMD Global गोपनीयता नीति आपके द्वारा किए जाने वाले इस डिवाइस के उपयोग पर लागू होती है.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 

Qualcomm और Snapdragon, Qualcomm Incorporated के ट्रेडमार्क हैं और युनाइटेड स्टेट्स तथा अन्य देशों में पंजीकृत हैं.

Android, Google और Google Play, Google Inc. के ट्रेडमार्क हैं.

अन्य सभी ट्रेडमार्क उनके अपने-अपने स्वामियों की संपत्ति हैं.

TM और © 2025 HMD Global. सर्वाधिकार सुरक्षित. 